दैनिक हिन्दी अख़बार
# सच बेधड़क
वर्ष: 2 | अंक: 219 | जयपुर, बुधवार, 19 जुलाई, 2023 | श्रावण, शुक्ल पक्ष- द्वितीया, विसं 2080 | पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00
www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak | YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

**गहलोत सरकार सख्त:** विधानसभा में संगठित अपराध का नियंत्रण विधेयक पारित

## अपराधी को मृत्युदंड और साथ देने वाले को उम्रकैद

बेधड़क | जयपुर

विधानसभा में मंगलवार को प्रदेश में संगठित अपराधों पर रोक लगाने लिए राजस्थान संगठित अपराध का नियंत्रण विधेयक–2023 पारित कर दिया गया। कानून के अस्तित्व में आने के बाद संगठित तौर पर अपराधों को अंजाम देने वाले अपराधियों को मृत्यु दंड तक की सजा का प्रावधान किया गया है। अपराधियों को संरक्षण या आश्रय देता है तो ऐसे व्यक्ति के लिए कड़े जुर्माने और उम्र कैद तक की सजा का प्रावधान किया गया है। वहीं अपराधियों के पैसा निवेश करने वालों पर भी सख्त सजा का प्रावधान किया गया है। इस तरह का कानून बनाने वाला राजस्थान देश का चौथा राज्य है। पूर्व में महाराष्ट्र, कर्नाटक एवं गुजरात में इस तरह के कानून लागू किए जा चुके हैं।

- **अपराध से अर्जित संपत्ति की होगी कुर्की**
- **पैसा निवेश करने वालों पर भी होगी सख्त कार्रवाई**



### कठोर कानून से अपराध पर लगेगा अंकुश: धारीवाल

संसदीय मंत्री शांति धारीवाल विधानसभा में कहा कि विधेयक में अपराधियों की अर्जित संपत्ति को जब्त करने के साथ ही विशेष न्यायालयों की स्थापना एवं विशेष लोक अभियोजकों की नियुक्ति करने के प्रावधान किए गए हैं, ताकि मुकदमों का शीघ्र निस्तारण हो सके। इसमें अपराधियों की जमानत एवं अग्रिम जमानत नहीं होने के भी प्रावधान किए गए हैं। संगठित गिरोह कई संगीन अपराधों में लिप्त हैं। ये गिरोह कानून और प्रक्रिया के सुधारात्मक और पुनर्वास संबंधी पहलुओं का लाभ उठाते हुए अपराध करने के लिए अभिरक्षा से रिहा भी हो जाते हैं। इसलिए इन अपराधियों से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए आवश्यक कठोर कानून की यह विधेयक पूर्ति करेगा।

**नए कानून में ये प्रावधान**

- अपराध के कारण किसी व्यक्ति की मृत्यु हो जाती है तो मृत्यु या आजीवन कारावास का दंड, न्यूनतम एक लाख रुपए तक का जुर्माना
- सामान्य मामले में कम से कम पांच वर्ष की सजा और आजीवन कारावास, न्यूनतम पांच लाख का जुर्माना
- संगठित अपराध को करने का षड्यंत्र करने वाले को भी पांच वर्ष से लेकर आजीवन कारावास और न्यूनतम पांच लाख जुर्माना
- संगठित अपराध सिंडिकेट के किसी भी सदस्य को संश्रय देता है या ऐसे गैंग का सदस्य है उसे आजीवन कारावास तक की सजा और पांच लाख का कम से कम जुर्माना।

**जेके लोन में आग, मचा हड़कंप**

## हादसा टला... बचाई 30 बच्चों की जान

**अग्निशमन अधिकारी बोले... अस्पताल के फायर सिस्टम खराब**

**अस्पताल प्रशासन बोला... सिस्टम खराब होता तो 10 मिनट में कैसे बुझती आग**



बेधड़क | जयपुर

जेके लोन अस्पताल में सोमवार देर रात आग लगने से हड़कंप मच गया, जिस वार्ड में आग लगी थी उसमें करीब 30 बच्चे भर्ती थे। हालांकि एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया और सभी बच्चों को बचा लिया गया। इस घटना को गंभीर मानते हुए प्रमुख शासन सचिव ने एक कमेटी का गठन किया है। कमेटी दो दिन में अपनी रिपोर्ट देगी।

सोमवार देर रात अस्पताल के नवनिर्मित प्री-फैब्रिक वार्ड में आग लगने से 30 बच्चों की जान जोखिम में पड़ गई। चिकित्सकों ने वार्ड से सभी बच्चों को सुरक्षित निकाल लिया नहीं तो बड़ी जनहानि हो जाती। चार महीने पहले ही बने वार्ड में आग लगने से निर्माण में कोताही बरतने अंदेशा जताया जा रहा है। निगम हेरिटेज के मुख्य अग्निशमन अधिकारी देवेंद्र मीना ने बताया कि वार्ड में लगा फायर सिस्टम ठीक काम नहीं कर रहा था, आग बुझाने में तीन दमकल को दो घंटे से अधिक समय लग गया, जबकि अस्पताल अधीक्षक डॉ. कैलाश मीना ने सिस्टम के ठीक नहीं होने की बात को नकारते हुए कहा कि अगर सिस्टम ठीक नहीं होता तो 10 मिनट में आग नहीं बुझ पाती।

### वार्ड में 22 कैंसर पीड़ित बच्चे थे भर्ती

अस्पताल अधीक्षक डॉ. कैलाश मीणा ने बताया कि सोमवार रात करीब 10.20 बजे वार्ड में मौजूद नर्सिंग स्टाफ को प्री-फैब्रिक वार्ड के एसी की डक्ट लाइन से धुंआ उठता दिखाई दिया। तुरंत चिकित्सक और कर्मचारियों ने वार्ड में भर्ती 30 बच्चों को वार्ड से निकाल आईसीयू में शिफ्ट किया। 30 में से 22 बच्चे कैंसर पीड़ित थे। वार्ड को खाली करने के बाद चिकित्सक और अन्य स्टाफ ने वार्ड में मौजूद आग बुझाने के यंत्रों से ही आग को बुझाया और बड़ा हादसा होने से रोका।

**लोकसभा चुनाव 2024 की तैयारी**

## अब एनडीए V/S इंडिया के बीच होगा मुकाबला

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव 2024 अब NDA वर्सेस INDIA के बीच होगा। बेंगलुरु में विपक्षी दलों की बैठक के बाद UPA का नाम बदलकर जहां INDIA कर दिया गया, वहीं मंगलवार शाम को नई दिल्ली में हुई (NDA) के 38 घटकों की बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विपक्षी दलों के महागठबंधन पर निशाना साधा और एनडीए का मतलब समझाया। पीएम मोदी ने NDA का मतलब बताते हुए कहा कि N का मतलब New India, D का मतलब है Developed Nation और A का मतलब Aspiration of people है। इससे पहले बेंगलुरु में कांग्रेस अध्यक्ष कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि हमारे गठबंधन का नाम ‘इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव एलायंस (इंडिया)’ होगा। उधर, UPA का नाम INDIA रखने पर विपक्षी दलों की तीखी आलोचना करते हुए भाजपा नेताओं ने कहा कि नाम बदलने से कुछ नहीं होता। नाम बदलने से चेहरा नहीं बदलता। इंडिया का मुकाबला तो भारत करेगा।

देखें पेज 8 भी

### भोपाल में सोनिया-राहुल के विमान की इमरजेंसी लैंडिंग

एजेंसी | भोपाल



भोपाल एयरपोर्ट पर सोनिया और राहुल गांधी के विमान की इमरजेंसी लैंडिंग की गई है। वे बेंगलुरु में हुई महा गठबंधन की बैठक से लौट रहे थे। भोपाल के पुलिस आयुक्त हरिनारायणचारी मिश्रा ने बताया कि खराब मौसम के चलते विमान की आपात लैंडिंग कराई गई। मौसम ठीक होने के बाद वे विमान से दिल्ली के लिए रवाना हो गए। इससे पहले राहुल और सोनिया के भोपाल पहुंचने की खबर मिलते ही विधायक पीसी शर्मा, कुणाल चौधरी सहित कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता उनसे मिलने एयरपोर्ट पहुंचे। दोनों ने वीआईपी लाउंज में करीब डेढ़ घंटा गुजारा। इस दौरान वरिष्ठ पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी भी एयरपोर्ट पर पहुंचे। बरसात का दौर थमने के बाद वे इंडिगो के विमान से दिल्ली के लिए रवाना हो गए।

### विकास और विश्वास के मुद्दे पर लड़ा जाएगा चुनाव




एजेंसी | नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए कहा कि ये साथ तो आ सकते हैं, लेकिन पास नहीं। केरल में लेफ्ट और कांग्रेस एक-दूसरे के खून के प्यासे हैं, लेकिन बेंगलुरु में हाथ पकड़कर हंस रहे हैं। बंगाल में लेफ्ट और तृणमूल कांग्रेस लड़ रहे हैं, लेकिन बेंगलुरु में साथ खड़े हैं। जनता जानती है ये मिशन नहीं मजबूरियां है जबकि हमारा संकल्प पॉजिटिव है, एजेंडा पॉजिटिव है। सरकारें बहुमत से बनती हैं, सबके साथ से चलती हैं। बैठक के बाद पीएम मोदी ने कहा NDA किसी को सत्ता से हटाने के लिए नहीं बना था। इसका गठन देश में स्थिरता लाने के लिए हुआ था। उन्होंने अपने संबोधन में साफ कर दिया कि इस बार का चुनाव विकास और विश्वास के मुद्दे पर लड़ा जाएगा। उन्होंने 2024 के लिए एजेंडा सेट करते हुए कहा कि दुनिया के तमाम देशों को भी पता है कि NDA फिर से सत्ता में आने वाला है इसलिए वे भारत के साथ दूरगामी समझौते कर रहे हैं।

### देश और देश के लोगों को बचाना सर्वोच्च प्राथमिकता




एजेंसी | बेंगलुरु

आगामी लोकसभा चुनाव में NDA को कड़ी चुनौती देने के प्रयास में जुटे 26 विपक्षी दलों की मंगलवार को मीटिंग हुई। इसमें यूपीए का नाम बदलकर ‘इंडिया’ रखने का फैसला किया। मीटिंग में यह भी संकल्प लिया कि वे देश के सामने एक वैकल्पिक राजनीति और सामाजिक एवं आर्थिक एजेंडा पेश करेंगे। मीटिंग के बाद कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि विपक्षी गठबंधन में 11 सदस्यों की एक समन्वय समिति बनाई जाएगी। मुंबई में होने वाली मीटिंग में इसके सदस्यों के नामों की घोषणा की जाएगी। उन्होंने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव प्रचार के प्रबंधन के लिए दिल्ली में एक साझा सचिवालय बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि देश और देश के लोगों को बचाना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसके लिए हमने आपसी मतभेदों को पीछे रखने का फैसला किया है। कांग्रेस अध्यक्ष ने यह भी कहा कि कांग्रेस की सत्ता या प्रधानमंत्री पद में कोई दिलचस्पी नहीं है।

**विधानसभा अध्यक्ष के निर्देश**

## जिलों में भर्ती का रास्ता तलाशे सरकार

बेधड़क | जयपुर

सरकार की विभिन्न भर्तियों में जिला स्तरीय मेरिट बनाने की संभावनाओं को तलाश करेगी। प्रश्नकाल में प्रदेश के जनजाति उपक्षेत्र (टीएसपी) इलाकों में सरकारी विभागों में पद खाली रहने के उठ मामले पर विधानसभा अध्यक्ष सीपी जोशी ने हस्तक्षेप करते हुए राज्य सरकार को यह निर्देश दिए कि पुलिस कांस्टेबल भर्ती की तर्ज पर अन्य भर्तियों में जिलावार फॉर्मूला लागू करने का सरकार रास्ता तलाशे।

विधानसभा अध्यक्ष जोशी ने कहा कि वर्तमान भर्ती व्यवस्था के कारण प्रदेश के जनजाति उपक्षेत्र (टीएसपी) के जिलों में पदों के खाली रहने और अन्य कई जिलों में सभी पद भरे रहने सहित अन्य विसंगतियां सामने आ रही है। उन्होंने इस पर चिंता व्यक्त करते हुए सरकार को उच्चतम न्यायालय के उक्त फैसले के आलोक में इस नीति की पुनः समीक्षा करने एवं प्रदेश हित में उचित निर्णय करने का सुझाव दिया।

- **कई जिले जूझ रहे हैं सरकारी कार्मिकों की कमी से**
- **कल्ला ने कहा... कार्मिक विभाग के साथ करेंगे चर्चा**



### स्थानीयों को वरीयता देने का विचार नहीं

इससे पहले शिक्षा मंत्री डॉ. बी. डी. कल्ला ने एक जवाब में कहा कि राज्य सरकार की विभिन्न भर्तियों में जिला स्तरीय मेरिट बनाने एवं स्थानीय अभ्यर्थियों को वरीयता दिए जाने का कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है। उन्होंने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 16(2) के अनुसार स्थानीय निवास के आधार पर सार्वजनिक नियोजन में वरीयता नहीं दी जा सकती। साथ ही उच्चतम न्यायालय के 30 जुलाई, 2002 के एक फैसले के बाद से शिक्षा विभाग में जिलेवार भर्तियां बंद कर दी गईं। उन्होंने कहा कि हालांकि पुलिस में कतिपय पदों पर जिला वार भर्ती की जाती है।



## जरूरी खबर

### महात्मा गांधी के सिद्धांतों के प्रचार के लिए आयोजन



**जयपुर।** शांति एवं अहिंसा निदेशालय प्रदेशभर में महात्मा गांधी के सिद्धांतों के प्रचार-प्रसार के लिए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन करेगा। इसके लिए मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने 5.31 करोड़ रुपए के वित्तीय प्रावधान को मंजूरी दी है। यह कार्यक्रम दिसंबर 2023 तक कराए जाएंगे। इनमें प्रदेश स्तरीय शांति सम्मेलन, संभाग स्तरीय अहिंसा सम्मेलन, पूरे प्रदेश में सर्वधर्म प्रार्थना सभा का आयोजन, कस्तूरबा दर्शन आदि आयोजन शामिल हैं।

### 36 विद्यालयों में 45 नए विषय होंगे शुरू

**जयपुर।** सरकार ने 36 विद्यालयों में 45 नए विषय शुरू करने व इनके लिए पदों के सृजन को मंजूरी दी है। प्रदेश के 36 विद्यालयों में से 27 में 1-1 विषय और 9 विद्यालयों में 2-2 विषय शुरू होंगे। इनमें जयपुर के 6, अलवर के 4, भरतपुर, दौसा, जालोर के तीन-तीन, बांसवाड़ा, चूरू, झुंझुनूं, हनुमानगढ़, नागौर के दो-दो, अजमेर, भीलवाड़ा, श्रीगंगानगर, करौली, सीकर, टोंक तथा उदयपुर का एक-एक विद्यालय शामिल हैं। प्रस्ताव के अनुसार प्रति विषय स्कूल व्याख्याता का एक-एक पद सृजित किया जाएगा। इसके अतिरिक्त अलवर एवं उदयपुर के एक-एक विद्यालय में जीव विज्ञान विषय शुरू होगा। इन विद्यालयों के लिए प्रयोगशाला सहायक के एक-एक पद का भी सृजन किया जाएगा।

### विकास कार्यों के लिए 1.08 करोड़ रुपए स्वीकृत



**जयपुर।** हरिशचंद्र माथुर राजस्थान राज्य लोक प्रशासन संस्थान जयपुर और क्षेत्रीय प्रशिक्षण केंद्र (आर.टी.सी) उदयपुर में विभिन्न विकास कार्य करवाए जाएंगे। इसके लिए मुख्यमंत्री ने 1.08 करोड़ रुपए की वित्तीय मंजूरी दी है। इसके तहत एचसीएम (रीपा) जयपुर के 188 कमरों वाले विश्रांति छात्रावास में 15 लीटर क्षमता के 170 गीजर, डाईनिंग हॉल का नवीनीकरण एवं छत की मरम्मत संबंधी कार्य होंगे। इन पर 68.47 लाख रुपए की लागत आएगी। आर.टी.सी. उदयपुर में लगभग 39.81 लाख रुपए के कार्य होंगे।

**राजस्थान कारागार विधेयक-2023 पारित:** कारागार मंत्री बोले- जेलों में 129 साल पुराने नियम हैं प्रभावी

# सभी जेलों में लगेंगे जैमर, मूलभूत सुविधाओं में होगा विस्तार

■ पूर्व में किए गए कई संशोधनों को मिला कर लाया गया विधेयक

**बेधड़क** | जयपुर

कारागार मंत्री टीकाराम जूली ने कहा कि वर्तमान में राज्य में 129 वर्ष पुराना प्रशासन एवं प्रबंधन कारागार अधिनियम-1894 एवं 63 वर्ष पुराना राजस्थान बंदी अधिनियम-1960 प्रभावी है। इन अधिनियमों में समय-समय पर किए गए विभिन्न संशोधनों को मिलाकर राजस्थान कारागार विधेयक - 2023 लाया गया है।

यह विधेयक बंदियों के साथ ही जेलों में कार्यरत अधिकारियों-कर्मचारियों के लिए कार्य करेगा। मंगलवार को विधानसभा में राजस्थान कारागार विधेयक-2023 पर हुई चर्चा के बाद जूली अपना जवाब दे रहे थे। विधेयक पर चर्चा के बाद सदन ने विधेयक को ध्वनिमत से पारित कर दिया।



### 96 प्रतिशत जेलों में वीसी की सुविधा

जूली ने बताया कि जेलों में सुविधाओं का विस्तार तीव्र गति से किया जा रहा है। प्रदेश की 96 प्रतिशत जेलों में वीसी के माध्यम से पेशी की सुविधा उपलब्ध है और जल्द ही शेष जेलों में भी यह सुविधा स्थापित कर ली जाएगी। साथ ही, जेलों में सुरक्षा की दृष्टि से जैमर लगाए जाएंगे। प्रशासनिक, पुलिस एवं न्यायिक अधिकारियों द्वारा जेलों का निरन्तर निरीक्षण किए जा रहा है। लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों-कर्मचारियों पर कड़ी कार्रवाई भी की जा रही है। ऐसे कुछ मामलों में अधिकारियों-कर्मचारियों को निलंबित एवं बर्खास्तगी की कार्यवाही भी की गई है।

### हरीश चौधरी ने बजरी मामले में अपनी ही सरकार को घेरा

पूर्व मंत्री व बायतु विधायक हरीश चौधरी ने विधानसभा में संगठित अपराध और बजरी के मुद्दे पर जमकर हमला बोला। उन्होंने बजरी के मुद्दे पर बोलते हुए कहा कि उच्चतम न्यायालय के आदेशानुसार लीजधारक को ही रॉयल्टी के ठेके का अधिकार है। ओपन बिड के आधार पर ही ठेके दिए गए हैं। जहां बजरी की लीज खत्म हो चुकी है और लीजधारक को ही बजरी स्टॉक करने का अधिकार है। चौधरी ने कहा कि बजरी के मुद्दे पर विवाद करने वाले अपनी ही जेब भर रहे हैं। यह पैसा आम जनता की जेब से ही लिया जा रहा है। उन्होंने पूछा कि बजरी के मुद्दे पर राजनीति करने वाले लोग जनता के बीच सही बात बताने कभी नहीं जाएंगे। हंगामा करने वाले लोग ठेकेदारों का फायदा चाहते हैं, जनता का नहीं।

### संगठित अपराध प्रदेश के लिए चुनौती

हरीश चौधरी ने कहा कि प्रदेश में पेपर बनाने से ले कर पेपर लीक करने में संगठित अपराध हुआ है। उन्होंने कहा कि मादक पदार्थ जैसे सिंथेटिक ड्रग्स, MD, स्मैक आदि का व्यापार एक संगठित अपराध के रूप में उभर कर पूरे राजस्थान में सामने आया है और यह एक चिंता का विषय है। आजकल ये मादक पदार्थ गांव से लेकर ढाणियों तक पहुंच चुके हैं, जिसके ऊपर सख्ती अति आवश्यक है। चौधरी ने कहा कि साइबर अपराध आने वाले समय में हमारी सबसे बड़ी चुनौती होगी।

**अजमेर में** भारतीय जनता युवा मोर्चा का प्रदर्शन

# युवाओं ने दिखाया रोष तो पुलिस ने भांजी लाठियां

**झड़प में कई कार्यकर्ताओं सहित पुलिसकर्मी भी हुए घायल**

**बेधड़क** | जयपुर

भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा की ओर से मंगलवार को भ्रष्टाचार और पेपर लीक मामले को लेकर अजमेर में प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन के दौरान पुलिस और भाजयुमो कार्यकर्ताओं में टकराव हो गया। पुलिस ने कार्यकर्ताओं पर जमकर लाठियां बरसाईं, जिसमें कई कार्यकर्ताओं को गंभीर चोट आई। घायलों को जेएलएन हॉस्पिटल अजमेर में कराया भर्ती कराया गया है।

इस दौरान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने स्वयं मौके पर पहुंचे और घायलों को सहारा देकर एंबुलेंस से अस्पताल ले गए। प्रदर्शन से पूर्व माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के पास मोर्चा की सभा हुई। वहीं इसके बाद भाजयुमो का आरपीएससी के घेराव का कार्यक्रम था, लेकिन भारी पुलिस जाब्ते और लाठीचार्ज के चलते यह संभव नहीं हो सका।

लाठीचार्ज से युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष अंकित चेची सहित कई कार्यकर्ता घायल हुए। भाजपा नेताओं ने सीएम गहलोत के इशारे पर पुलिस द्वारा लाठीचार्ज करने की बात कही और इसकी कड़े शब्दों में निंदा की। आरपीएससी को घेरने के लिए बोर्ड ऑफिस चौराहे से युवाओं का जत्था सिविल लाइंस थाने होते हुए आरपीएससी की तरफ बढ़ा जहां कई तरीके की बैरिकेडिंग की गई थी। घूघरा घाटी पर कार्यकर्ताओं को रोकने के बीच पुलिस ने बल प्रयोग करना शुरू कर दिया। लाठीचार्ज में युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष अंकित चेची के सिर में लाठी लगी।

वहीं कई अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता भी चोटिल हुए। कई पुलिसकर्मियों को भी इस दौरान चोटें आईं। लाठीचार्ज का विरोध करते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने चेतावनी दी है कि गहलोत की पुलिस की लाठी का प्रहार युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं पर नहीं बल्कि पूरे राजस्थान के उन युवाओं पर हुआ है, जो गहलोत सरकार के लोक सेवा आयोग और माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के भ्रष्टाचार से त्रस्त होकर बेरोजगार हो गए हैं। यह अत्याचार की पराकाष्ठा है। इसको राजस्थान का युवा किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं करेगा।



### भावनाओं को कुचल रही कांग्रेस

युवा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष तेजस्वी सूर्या ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहां कि देश में जहां-जहां कांग्रेस की सरकार है, वहां-वहां युवाओं की भावनाओं को कुचला जा रहा है। उनका भविष्य अंधकारमय कर बेरोजगारी की कगार पर खड़ा कर दिया है। उन्होनें युवा मोर्चा के कार्यकत्ताओं को कहा कि भारत के उज्जवल भविष्य के लिए यह तीव्र आंदोलन का समय है। हम लाठी-डंडे खाकर भी सैंकड़ों कार्यकर्त्ता कांग्रेस को उखाड़ फेंकने के लिए तैयार हैं। हमारी सरकार आते ही जांच कराकर युवाओं को न्याय दिलाएंगे।

### सरकार को उखाड़ फेंकने का संकल्प

सभा को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष सी.पी. जोशी ने कहा कि युवा मोर्चा का कार्यकर्ता पृथ्वीराज चौहान की नगरी में मत चूके चौहान की कहावत पर राजस्थान सरकार को उखाड़ फेंकने का संकल्प लेता है। सरकार ने युवाओं को बेरोजगारी भत्ता व अन्य मामलों में राजस्थान की जनता को दिखा दिया है, मोदी सरकार जैसा करती है, वैसा कर दिखाती है। उन्होंने कहा कि राजस्थान के युवाओं के बाजुओं में इतना दम है कि कांग्रेस की सरकार को उखाड़ फेंकेंगे। जोशी ने कहा आरपीएससी में 18 लाख की रिश्वत लेते कांग्रेस का पूर्व राज्यमंत्री गोपाल केसावत का रंगे हाथों पकड़ा जाना इस बात का प्रमाण है कि आरपीएससी कांग्रेस सेवा आयोग बन चुकी है तथा अभी जो भीतर बैठ कर युवाओं का भविष्य बर्बाद कर रहे हैं, उनके खिलाफ तीन माह बाद बनने वाली भाजपा की सरकार निष्पक्ष रूप से कठोर कार्रवाई करेगी।



### जनता कांग्रेस को माफ नहीं करेगी

राजस्थान की जनता कांग्रेस को माफ नहीं करेगी, भाजपा की सरकार आते ही विकास को प्राथमिकता देगें। युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष अंकित चेची ने कांग्रेस के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए कहा कि कांग्रेस के नेता आरपीएससी की भर्ती व पेपर लीक मामले में रेखांकित हो रहे हैं। युवा मोर्चा का कार्यकर्ता आंदोलन कर कांग्रेस की भ्रष्ट सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए संकल्पबद्ध है। इसके अलावा युवाओं की सभा को युवा मोर्चा प्रदेश प्रभारी नेहा जोशी, सांसद भागीरथ चौधरी, सह-प्रभारी अरविन्द यादव, अजमेर उत्तर विधायक वासुदेव देवनानी, दक्षिण विधायक अनिता भदेल, प्रदेश मंत्री नीलम गुर्जर सहित अन्य नेताओं ने भी संबोधित किया।

**ईओ भर्ती मामला : व्हाट्सएप कॉलिंग से हुआ नया खुलासा**

# 25 लाख दो, RPSC मेंबर के घर ले जाकर पिलाऊंगा चाय

**बेधड़क** | जयपुर

एसीबी की ओर से आरपीएससी की अधिशासी अधिकारी परीक्षा में ओएमआर शीट बदलकर पास कराने की एवज में 18.50 लाख रुपए की घूस लेने के मामले में आरोपियों का मोबाईल रोज नए खुलासे कर रहा है।

एसीबी की टीम पूर्व राज्य मंत्री गोपाल केसावत और दलाल अनिल कुमार, ब्रह्मप्रकाश और रविन्द्र शर्मा को तीन दिन के रिमांड पर लेकर पूछताछ कर रही है। उसके साथ ही टीम को इनके मोबाईल, बैंक खाते समेत अन्य दस्तावेजों से भी कई सुराग मिल रहे हैं। परिवादी सुंदर और दलाल अनिल के बीच हुई बातचीत के दौरान एसीबी को कई राज पता चले है। सुंदर ने अपने वाट्सअप कॉल से अनिल को फोन किया। अनिल ने सीकर में नहीं होने का जिक्र कर फोन काट दिया। इस पर अनिल ने सुंदर को फोन नहीं किया तो वापस सुंदर ने फोन किया। फोन पर बातचीत में अनिल ने सुंदर से कहा, मेरी



आरपीएससी बोर्ड अजमेर के सदस्यों से जानकारी है। आपसे विकास के ईओ पद पर सलेक्शन के लिए 25 लाख रुपए लेंगे। उसके बाद आरपीएससी बोर्ड मेम्बरों के घर पर ले जाकर आपकी चाय पानी पिलाऊंगा। फोन कट जाता है। अनिल दुबारा फोन मिलाकर संदर से कहता है, आपके कार्य के 25 लाख लगेंगे।

इस दौरान उसने पीएनबी, आईडीबाई, एसबीआई बैंकों के खुद एवं अपने परिचितों के खातों में दो-दो लाख रुपए से दस लाख तक डलवाने की बात कही। गौरतलब है कि 16 जुलाई को एसीबी ने गोपाल केसावत को उसके प्रताप नगर स्थित घर से रिश्वत लेते दबोचा था।

### बड़े-बड़े आईएएस की जांच पर हम रोक लगवाते हैं: केसावत

गोपाल केसावत के घर जब एसीबी टीम पहुंची तो उसके चेहरे पर शिकन तक नहीं थी। उल्टा उसने एसीबी टीम से यहां तक बोला कि आप लोग अधिकारियों को पकड़ते हैं। फिर आप कोर्ट में मुकदमा चलाने की इजाजत लेते हो। बड़े-बड़े आईएएस की जांच (मुकदमा चलाने) पर हम ही तो रोक लगवाते हैं। आप जैसों को तो हम बचाते हैं और आप हमें ही गिरफ्तार करने आ गए। सूत्रों के अनुसार कार्रवाई के दौरान वीडियोग्राफी भी हो रही थी। हो सकता है केसावत की ये बात भी वीडियो में रिकॉर्ड हो गई हो। एसीबी के पास कार्रवाई के वीडियो भी हैं। एसीबी का मानना है कि केसावत और उससे जुड़े दलालों के लिंक आरपीएससी में बड़े स्तर पर हैं।

**जन सम्मान वीडियो कॉन्टेस्ट**

## कॉक्लियर इंप्लांट का वीडियो बना विजेता बनी

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश सरकार द्वारा जनकल्याणकारी योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने के उद्देश्य से शुरू किए गए जन सम्मान कॉन्टेस्ट में आमजन स्वयं सरकारी योजनाओं का ब्रांड एम्बेसेडर बन योजना से जुड़े लाभों को आमजन तक पहुंचा रहे हैं। मंगलवार को आए परिणाम में जोधपुर के हेमारानी गुलाटी ने प्रथम पुरस्कार के रूप में एक लाख रुपए की राशि प्राप्त की।

उन्होंने यूटयूब सहित दो सोशल मीडिया हैंडल पर मूकबधिर बच्चों का वीडियो शेयर किया। जिसमें उनके लिए शिक्षा, छात्रावास जैसी सुविधाओं के साथ-साथ पालनहार योजना, सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना



और चिरंजीवी योजना में कॉक्लियर इंप्लांट को भी शामिल कर उनके जीवन को आसान बनाने के लिए मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का धन्यवाद किया।

वहीं कोरोना महामारी में अपने पिता को खो चुकी द्वितीय पुरस्कार विजेता जयपुर की प्रियांशी ओझा ने स्कूल से मिली राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी अपनी माता को बताने का वीडियो अपलोड कर 50 हजार की राशि प्राप्त की।

### 194 अंग्रेजी माध्यम स्कूल होंगे शुरू

**जयपुर।** प्रदेश के 194 राजकीय विद्यालय अब महात्मा गांधी राजकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में बदलेंगे। इनमें प्राथमिक स्तर के 46, उच्च प्राथमिक स्तर के 90 तथा उच्च माध्यमिक स्तर के 58 विद्यालय शामिल हैं। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने इस प्रस्ताव को मंजूरी दी है। इनमें अलवर के 9, भरतपुर के 8, बीकानेर के 17, चित्तौड़गढ़, चूरू के 3-3, दौसा के 7, जोधपुर, धौलपुर के 5-5, डूंगरपुर के 2, हनुमानगढ़ के 8, जयपुर के 45, झुंझुनूं के 17, करौली के 8, कोटा के 15, टोंक के 2, नागौर के 7, सवाई माधोपुर के 4, सीकर के 16, उदयपुर के 11 तथा श्रीगंगानगर के 2 विद्यालय रूपान्तरित किए जाएंगे। प्रदेश के 966 महात्मा गांधी राजकीय विद्यालयों में प्री-स्कूल एजुकेशन के लिए चरणबद्ध रूप से प्ले एलीमेंट्स लगाए जाएंगे।

**डिस्कॉम कर्मियों ने किया विधानसभा घेराव**

# विधानसभा के बाहर जुटे विभिन्न संगठन, मांगों को लेकर किया प्रदर्शन

■ 11 सूत्रीय मांग को लेकर नर्सेज बैठे अनिश्चितकालीन धरने पर

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश के विभिन्न विभागों में कार्यरत कई कर्मचारी संगठनों ने अपनी मांगों को लेकर मंगलवार को विधानसभा के बाहर प्रदर्शन किया। जिनमें डिस्कॉमकर्मी, सविंदाकर्मी, नर्सेज, पैरामेडिकल डॉक्टर, शिक्षक संघ सियारामसमेत कई संगठन शामिल रहे। सरकार का अंतिम विधानसभा सत्र होने के कारण सभी संगठन अपनी मांगें मनवाने की जुगत कर रहे हैं।



राजधानी का शहीद स्मारक अब प्रदर्शनकारियों का गढ़ बन गया है। विधानसभा सत्र को देखते हुए किसी भी प्रकार की अव्यवस्था से बचने के लिए पुलिस प्रशासन द्वारा सभी संगठनों को एक ही जगह धरना देने के लिए शहीद स्मारक पर अनुमति दी गई।

### मजबूर होकर करना पड़ा आंदोलन

राजस्थान नर्सेज संयुक्त संघर्ष समिति के बैनर तले मंगलवार को प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों पर प्रदर्शन कर अनिश्चितकालीन धरना शुरू किया। संघर्ष समिति के संयोजक प्यारे लाल चौधरी ने बताया कि जयपुर में नर्सेज कर्मी 18 मई से 11 सूत्रीय मांगों को लेकर लगातार ध्यानाकर्षण प्रदर्शन कर रहे हैं, लेकिन सरकार द्वारा निर्णायक कार्रवाई नहीं करने पर नर्सेज को आंदोलन के लिए मजबूर होना पड़ा है। उन्होंने बताया कि प्रदेश स्तरीय संयुक्त नर्सेज महासमिति द्वारा लिए गए निर्णय के अनुसार मंगलवार को सभी जिला मुख्यालयों पर अनिश्चित कालीन क्रमिक धरना और प्रदर्शनों की शुरुआत की गई है। संयोजक चौधरी ने बताया कि सभी जिलों से जिला कलेक्टरों के माध्यम से मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को 15 अगस्त से पहले मांगों पर सकारात्मक निर्णय लेने के लिए आग्रह किया गया है। यदि सरकार ने फिर भी मांगें नहीं मानी तो प्रदेश भर में हड़ताल करने के लिए नर्सेज को मजबूर होना पड़ेगा।

### डिस्कॉम कर्मियों की तबादलों की मांग

एक डिस्कॉम से दूसरे डिस्कॉम में तबादलों की मांग को लेकर पिछले 93 दिनों से धरना दे रहे डिस्कॉम कर्मियों ने मंगलवार को विधानसभा घेराव करने की कोशिश की। बिजली कर्मचारियों ने शहीद स्मारक पर सभा कर सैकड़ों कर्मचारियों ने विधानसभा कूच किया। वहीं ज्योतिनगर थाने के पास तैनात पुलिस जाब्ते ने बैरिकेडिंग कर प्रदर्शकारियों को विधानसभा की ओर जाने से रोक दिया। वहीं 5 लोगों के प्रतिनिधिमंडल ने सचिवालय में ऊर्जा सचिव भास्कर ए सावंत और आरती डोगरा से की मुलाकात की। अधिकारियों ने बिजली कर्मचारियों के जल्द से जल्द ट्रांसफर करने का आश्वासन दिया।

### व्यावसायिक शिक्षकों ने दिया धरना



राजस्थान शिक्षक संघ सियाराम द्वारा व्यावसायिक शिक्षकों की मांगों को लेकर 22 गोदाम में धरना प्रदर्शन कर विधानसभा का घेराव किया गया। शिक्षक संघ सियाराम के प्रदेश संघर्ष समिति के संयोजक बृजभूषण शर्मा व प्रदेश कार्यकारिणी अध्यक्ष शक्ति सिंह गौड़ बताया कि शिक्षा विभाग में एजेंसियों के माध्यम से विगत 10 वर्षों राजकीय विद्यालयों में कार्यरत हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा विभाग ठेका प्रथा पर कार्यरत व्यावसायिक शिक्षकों को शिक्षा विभाग में सरकार समायोजित करे।

## विधानसभा में उठाए गए राजधानी से संबंधित महत्वपूर्ण मुद्दे

# सरकार हटाएगी नामी विद्यालयों के नियम विरुद्ध किए गए निर्माण

**बेधड़क** | जयपुर

विधानसभा में मंगलवार को राजधानी जयपुर से संबंधित महत्वपूर्ण मुद्दे उठाए गए। सांगानेर विधायक अशोक लाहोटी ने प्रश्नकाल में शहर के नामी स्कूलों में हुए अवैध निर्माण का मामला उठाया।

लाहोटी ने कहा कि नीरजा मोदी स्कूल मानसरोवर, रुक्मणी बिरला मॉडर्न हाई स्कूल दुर्गापुरा, महाराजा सवाई मानसिंह विद्यालय, कैंब्रिज कोर्ट हाई स्कूल व वर्ल्ड स्कूल, आईआईएस इंटरनेशनल स्कूल आदि संस्थाओं ने नियम विरुद्ध जाकर अवैध निर्माण कर रखा है। सरकार इन पर कार्रवाई नहीं कर रही है। लाहोटी के इस सवाल के जवाब में नगरीय विकास एवं आवासन मंत्री शान्ति कुमार धारीवाल ने विधानसभा में कहा कि जयपुर विकास प्राधिकरण एवं राजस्थान आवासन मंडल की ओर से शहर में विभिन्न शिक्षण संस्थाओं एवं स्कूलों को आवंटित भूमि पर यदि नक्शे के विपरीत कोई निर्माण कार्य किया गया है तो उसे अतिशीघ्र हटाने की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि इस संबंध में इन संस्थाओं को नोटिस भी दिए गए हैं।



### शर्तों की पालना नहीं होने से सामोद हनुमान मंदिर के शुरू नहीं होगा रोप-वे

पर्यटन राज्य मंत्री मुरारी लाल मीणा ने विधानसभा में कहा कि सामोद वीर हनुमान मंदिर में रोप-वे के संचालक द्वारा शर्तों की पालना नहीं करने के कारण इसके संचालन को बंद किया गया है। उन्होंने बताया कि आवेदक को सामोद वीर हनुमान मंदिर में रोप वे लगाने के लिए अनापत्ति प्रमाणपत्र सशर्त दिया गया था। आवेदक द्वारा प्रदूषण नियंत्रण मंडल, वन विभाग, पर्यटन विभाग व अन्य संबंधित विभागों से अनापत्ति प्रमाणपत्र लिए बिना ही रोप वे शुरू किए जाने के कारण संचालन पर रोक लगाई गई है।

### जयपुर शहर में 200 बसें की जा रही हैं संचालित

धारीवाल ने बताया कि जयपुर में नगरीय बस सेवा के लिए जारी 209 परमिट में से जेसीटीएसएल द्वारा 200 बसें संचालित की जा रही हैं। इनमें 130 मिडी बसें हैं तथा 70 लो फ्लोर। निजी बसों के लिए 2 291 परमिट जारी हुए, जिनमें से 2040 चल रही हैं। शहर में मेट्रो के दूसरे रूट को शुरू करने से यातायात की व्यवस्था और सुगम हो सकती है, लेकिन कुछ शर्तों के कारण मेट्रो का अन्य रूट शुरू करने के लिए केन्द्र सरकार से मदद नहीं मिल पा रही है।

### 100 इलेक्ट्रिक बसों के संचालन के लिए किया जा चुका है अनुबंध

मालवीय नगर विधायक कालीचरण सराफ ने प्रश्नकाल में शहर में चल रही जेसीटीएसएल बसों का मामला उठाते हुए कहा कि राज्य सरकार ने 2019 में उनके सवाल के जवाब में बताया था कि शहर के लिए 600 नई बसें खरीदी जा रही है, लेकिन राजधानी में केवल 200 बसें ही चल रही है। सराफ ने कहा कि सरकार ने विधानसभा में गलत जानकारी दी है। सराफ के सवाल पर स्वायत शासन मंत्री धारीवाल ने कहा कि जेसीटीएसएल की ओर से जयपुर शहर में 100 इलेक्ट्रिक बसों के संचालन के लिए अनुबंध किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2023-24 की बजट घोषणा में भी जयपुर शहर में 300 बसों की घोषणा की गई है, जिसमें 100 मिडी बसें शामिल हैं। उन्होंने बताया कि इन बसों के टेंडर की कार्रवाई सर्विस मॉडल पर करने की कार्रवाई प्रक्रियाधीन है।

## गैंगरेप आरोपियों का नाम ABVP से जोड़ने का विरोध

# छात्रों पर चला पुलिस का डंडा, सिर फूटा-टूटे पांव

### दर्जन भर छात्रनेता हिरासत में, थाने के बाहर भूख हड़ताल पर बैठे कार्यकर्ता

**बेधड़क** | जयपुर

जोधपुर में नाबालिग के साथ गैंगरेप प्रकरण में पुलिस द्वारा आरोपियों का नाम एबीवीपी से जोड़ने के विरोध में मंगलवार को कार्यकर्ताओं ने राजस्थान विश्वविद्यालय में प्रदर्शन किया। एबीवीपी के कार्यकर्ताओं ने पहले कैम्पस में नारेबाजी कर रैली निकाली। इसके बाद मुख्य द्वार से जेएलएन रोड रोकने के लिए गेट से बाहर आने की कोशिश की। इस दौरान पुलिस प्रशासन ने छात्रों को रोकते हुए बल प्रयोग किया। लाठियां बरसाई। लाठीचार्ज से परिषद के प्रांत मंत्री शौर्य जैमन का सिर फट गया। राष्ट्रीय मंत्री हुश्यार मीणा, भारत भूषण सहित आधा दर्जन कार्यकर्ताओं को चोटें आईं। पुलिस ने कार्यकर्ताओं को खदेड़ते हुए आधा दर्जन से अधिक छात्रों को हिरासत में ले लिया।



फोटो: पंकज शर्मा

### विरोध में छात्रों ने किया पथराव

विश्वविद्यालय के मुख्यद्वार से छात्रों द्वारा जेएलएन मार्ग जाम की कोशिश करने पर पुलिस ने दो बार लाठीचार्ज कर भीड़ को तितर -बितर किया। वहीं, पुलिस द्वारा लाठी चार्ज करने के विरोध में कुछ छात्रों ने पुलिस पर पथराव भी किया। छात्रों के पथराव में दो मीडियाकर्मी भी घायल हो गए और एक मीडिया कर्मी का कैमरा भी टूट गया। पथराव के बाद पुलिस ने फिर लाठीचार्ज करते हुए छात्रों को कैम्पस के अंदर खदेड़ दिया। इसके बाद लाठीचर्ज के विरोध में कार्यकर्ताओं ने धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया।

### महिलाओं पर अत्याचार

लाठीचार्ज में घायल हुए प्रांत मंत्री शौर्य जैमन ने बताया कि एबीवीपी के कार्यकर्ताओं पर लाठीचार्ज करना शर्मनाक है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में महिलाओं के खिलाफ हो रहे अत्याचार सरकार की विफलता है। सरकार ने अपनी विफलता छिपाने के लिए दुष्कर्म के आरोपियों का एबीवीपी से संबंध बता दिया। उन्होंने कहा कि महिलाओं को न्याय दिलाने के लिए विद्यार्थी परिषद हमेशा आगे रहती है। उन्होंने कहा कि एबीवीपी यूनिवर्सिटी गेट से तब तक नहीं उठेगी, जब तक साथी कार्यकर्ताओं को छोड़ नहीं दिया जाता। उन्होंने बताया कि जोधपुर डीसीपी की ओर से एबीवीपी संगठन पर जो आरोप लगाए गए हैं वो पूरी तरह से बेबुनियाद हैं। उन्होंने कहा कि डीसीपी को बर्खास्त करने और आरोपियों को कड़ी से कड़ी सजा की मांग को लेकर ये प्रोटेस्ट किया गया था। वहीं, करीब 5 बजे धरने पर बैठे कार्यकर्ताओं ने हिरासत में लिए गए छात्रों को छोड़ने के लिए गांधीनगर ठाणे का घेराव कर दिया और सड़क जाम कर वहीं धरने पर बैठ गए। पुलिस के समझाने के बाद करीब एक घंटे बाद कार्यकर्ता थाने से हटे।

### ...इसलिए बल प्रयोग

" एबीवीपी के छात्र प्रदर्शन के दौरान समझाइश के बावजूद कैंपस के गेट से कूदकर बाहर आने की कोशिश कर रहे थे। इस दौरान कुछ छात्र गेट से गिर गए, जिन्हें अस्पताल पहुंचाया गया। वहीं, छात्रों ने पथराव भी किया। पुलिस ने कम से कम फोर्स का इस्तेमाल करते हुए छात्रों को कैंपस के अंदर रोकते हुए रास्ते को सुचारू रूप से जारी रखा है। छात्र उग्र होने पर हल्का बल प्रयोग किया गया।

**सुरेंद्र यादव,** एचएसओ, गांधीनगर थाना

### छात्र नेत्री का एबीवीपी के विरोध में प्रदर्शन

एबीवीपी के प्रदर्शन के बाद शाम छात्र नेत्री कोमल मोहनपुरिया के नेतृत्व में प्रदर्शन किया गया। वहीं, कोमल जेएलएन मार्ग जाकर एबीवीपी को बैन करने को लेकर प्रदर्शन किया। कोमल ने समर्थकों के साथ जेएलएन मार्ग पर प्रदर्शन करने की कोशिश करने पर पुलिस ने खदेड़ दिया।

## जयगढ़ किले के विरुद्ध याचिका पर विचार से इनकार

**जयपुर।** एनजीटी भोपाल ने जयगढ़ पब्लिक चैरिटेबल ट्रस्ट के विरुद्ध एक्टिविस्ट राजेंद्र तिवारी द्वारा दायर मूल आवेदन को मंगलवार को खारिज (डिसमिस्ड एज विड्रॉन) कर दिया, जिसमें ट्रस्ट से 'जयगढ़ किला' लेने के लिए वन विभाग को निर्देश देने की मांग की गई थी। जज सुधीर अग्रवाल और विशेषज्ञ सदस्य डॉ. अफरोज अहमद की एनजीटी पीठ ने आवेदक तिवारी के वकील की दलीलों को खारिज कर दिया। ट्रस्ट के वकील जयदीप सिंह ने तर्क दिया कि ऐसी याचिका एनजीटी के समक्ष सुनवाई योग्य नहीं थी और जयगढ़ ट्रस्ट वैध रूप से जयगढ़ किले के उपयोग और कब्जे में था।

गौरतलब है कि इसी तरह की याचिका राजेंद्र तिवारी ने नाहरगढ़ किले के विरुद्ध दायर की थी और एनजीटी भोपाल ने सभी व्यावसायिक गतिविधियों को बंद करने का निर्देश दिया था।, जिसके अनुपालन में सुप्रीम कोर्ट ने एनजीटी भोपाल के आदेश पर रोक लगा दी थी।

## आवासन मंडल में भर्ती परीक्षा में सख्ती

# नौकरी का झांसा देने वालों पर दर्ज कराया जाएगा केस

**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान आवासन मण्डल में 258 पदों पर होने वाली भर्ती में अभ्यर्थियों को पेपर में पास करवाने और नौकरी का झांसा देने वालों पर मंडल प्रशासन मामला दर्ज करवाएगा। इसके लिए अभ्यर्थी को बोर्ड प्रशासन को इसके सबूत देने होंगे। भर्ती के लिए ऑनलाइन एग्जाम होगी।

मंडल आयुक्त पवन अरोड़ा ने बताया कि 258 पदों पर भर्ती की परीक्षा भारत सरकार के सूचना एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय की स्वायत्तशासी संस्था सेंटर फॉर डवलपमेंट ऑफ एडवांस्ड कम्प्यूटिंग (सी-डैक) के जरिए कराई जाएगी। उन्होंने बताया कि बाजार में कुछ लोग माहौल बना रहे है कि हाउसिंग बोर्ड में भी पेपर पास करवाकर नौकरी लगवा देंगे। हमने पेपर की प्रक्रिया पूरी तरह ऑनलाइन रखी है।


इसके बाद भी अगर किसी अभ्यर्थी को कोई व्यक्ति झांसा देता है कि वह पेपर पास करवाकर नौकरी लगवा देगा। अभ्यर्थी उस व्यक्ति के बारे में पूरी जानकारी प्रमाण सहित देता है तो हम उसके खिलाफ पुलिस थाने में मामला दर्ज कराएंगे।

### 9 सदस्यीय निगरानी कमेटी गठित

सीधी भर्ती परीक्षा के सुचारू और सफल संचालन के लिए मंडल सचिव सहित 9 सदस्यीय कमेटी का गठन किया है, जो की परीक्षा से जुड़ी तमाम कार्यवाही और घटनाक्रम की पूरी मॉनिटरिंग करेगी। उन्होंने कहा कि इसके अलावा राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा एजेंसी भी पूरी तरह मॉनिटरिंग करेगी।

### इन पदों पर होगी भर्ती

आयुक्त अरोड़ा ने बताया कि कम्प्यूटर ऑपरेटर (सहायक प्रोग्रामर-एल10) के 6, डाटा एंट्री ऑपरेटर (सूचना सहायक) के 18, परियोजना अभियंता कनिष्ठ (सिविल) के 100, परियोजना अभियंता कनिष्ठ (विद्युत) के 11, वरिष्ठ प्रारूपकार के 4, कनिष्ठ प्रारूपकार 10, विधि सहायक (कनिष्ठ विधि अधिकारी) 9, कनिष्ठ लेखाकार के 50 और कनिष्ठ सहायक के 50 पदों पर भर्ती की जाएगी।




### फायर ब्रिगेड, एंबुलेंस सहित अन्य सुविधाएं सीधे पहुंचेंगी दरवाजे तक

# अब QR कोड में बोर्ड आवासों का पता

**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान आवासन मंडल ने इंडसइंड बैंक के सहयोग से पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर प्रताप नगर स्थित मुख्यमंत्री शिक्षक एवं प्रहरी आवासीय योजना के तहत 500 फ्लैट्स में डिजिटल डोर नंबर (डीडीएन) लगाने की शुरुआत की है।

क्यूआर कोड और यूनिक नंबर आधारित सेवा से जुड़ने के बाद आवासीय योजनाओं में ना केवल आवास या फ्लैट्स खोजना आसान होगा, साथ ही फायर ब्रिगेड, एंबुलेंस जैसी सुविधाएं भी सीधे घर के दरवाजे तक आसानी से पहुंच सकेंगी।

आवासन मंडल के मुख्यालय पर मंगलवार को हुई एक बैठक में आवासन आयुक्त पवन अरोड़ा को इंडसइंड बैंक के कंट्री हैड अंकित पारीक (सरकारी बैंकिंग समूह) और एजाज आदिल ने क्यूआर कोड का सैंपल सौंपा।




### मकान ढूंढने में मिलेगी सहायता

पवन अरोड़ा ने बताया कि क्यूआर कोड लगने के बाद घर तलाशने में कोई दिक्कत नहीं होगी। क्यूआर कोड को मोबाइल फोन से स्कैन करते ही गूगल मैप की मदद से मकान की लोकेशन, उसकी तस्वीर सब कुछ मिल जाएगा। पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर शिक्षक एवं प्रहरी योजना में इसकी शुरुआत की जा रही है। प्रयोग सफल होने पर अन्य योजनाओं को भी इस अत्याधुनिक सुविधा से जोड़ा जाएगा। इस दौरान इंडसइंड बैंक के प्रतिनिधियों ने क्यूआर कोड तकनीक पर आधारित डिजिटल डोर नंबर के बारे में विस्तार से प्रस्तुतिकरण दिया। उन्होंने बताया कि आगामी दिनों में इस सुविधा के साथ डोर स्टेप सर्विस, इमरजेंसी सर्विस जैसे फायर ब्रिगेड, पुलिस, कार मैनेजमेंट सिस्टम सहित अन्य जरूरी सुविधाओं को भी जोड़ा जाएगा। उन्होंने बताया कि यदि भविष्य में नगर निगम इस योजना में सहभागिता करता है, तो निगम के टैक्स वसूली, नोटिस आदि का वितरण भी इसके माध्यम से हो सकता है। यही नहीं डोर स्टेप डिलीवरी और ऑनलाइन शॉपिंग में भी आमजन को इस सुविधा से लाभ मिलेगा। बैठक में मंडल सचिव अल्पा चौधरी, वित्तीय सलाहकार संजय शर्मा, मुख्य अभियंता मनोज गुप्ता, अतिरिक्त मुख्य अभियंता अमित अग्रवाल सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## जरूरी खबर

### सांसद जसकौर ने सड़कों का किया शिलान्यास



**चाकसू।** दौसा सांसद जसकौर मीना ने बुधवार को अपने संसदीय क्षेत्र में विभिन्न सड़क योजनाओं का शिलान्यास किया। कोटखावदा तहसील अंतर्गत झांपदा कलां, चाकसू में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत 831.85 लाख की लागत से रामनगर मोड़ से झांपदा कलां तक 11.9 किलोमीटर सड़क के सुदृढ़ीकरण एवं उन्नयनीकरण कार्य का शिलान्यास किया। इस दौरान आयोजित समारोह के सांसद मीना ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण को समर्पित है।

### बीएसएफ के जवान ने खुद को गोली मारी

**जैसलमेर।** जिले के सम थानाक्षेत्र में मंगलवार को सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के एक जवान ने खुद की राइफल से गोली मार कर कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। घटना के बाद जवान को तत्काल नजदीकी अस्पताल लेकर गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। थानाधिकारी उरजाराम ने बताया कि मृत जवान संदीप बरादर (31) का रहने वाला था। उसने धनाना पोस्ट पर ड्यूटी के दौरान अपनी राइफल से खुद के सिर पर गोली मार कर आत्महत्या कर ली। वह सीमा सुरक्षा बल की 154वीं बटालियन में तैनात था और तीन दिन पहले ही छुट्टी से ड्यूटी पर लौटा था।। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

### रेडक्रॉस सोसायटी चेयरमैन बिरला ने की राष्ट्रपति से भेंट



**कोटा।** दिल्ली में आयोजित इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी की वार्षिक साधारण सभा के बाद राजस्थान का प्रतिनिधि मंडल राष्ट्रपति भवन में मंगलवार को इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी के स्टेट चेयरमैन राजेश कृष्ण बिरला के नेतृत्व में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से मिला। चेयरमैन बिरला ने बताया कि इस दौरान राज्य में रेडक्रॉस के माध्यम से कोराना काल, आपदा व बाढ़ के समय रेडक्रॉस के सेवा कार्यों से राष्ट्रपति को अवगत करवाया गया। इस दौरान राष्ट्रपति ने रक्तदान से जुड़ी गलत धारणा को दूर करने व नवाचारों से रेडक्रॉस के कार्य करने की सलाह दी।

**पर्यटकों को खींच रहा** मैदानी और पहाड़ी इलाकों में उगते और अस्त होते सूर्य को देखने का रोमांच

# प्रदेश में सैलानियों के बीच बढ़ रहा सन टूरिज्म का आकर्षण

**बेधड़क** | माउंट आबू

वर्ष 2013 में आई रणबीर कपूर और दीपिका पादुकोण की फिल्म 'ये जवानी है दीवानी' का वो सीन याद कीजिए, जिसमें दीपिका पादुकोण चित्तौड़गढ़ किले से सन सैट देख रही हैं और रणबीर कपूर कहते हैं कि चलो जल्दी यहां से... तो दीपिका कहती है 'अगर मैं चली गई तो यह सॉलिड सनसैट मिस हो जाएगा।'

प्रदेश के सन टूरिज्म को लेकर सैलानियों में भी कुछ इसी तरह की दीवानगी देखने को मिल रही है। इन दिनों देश में सन टूरिज्म लोकप्रिय हो रहा है। मैदानी इलाके से पहाड़ों में सूरज और अस्त होते सूर्य को देखना ही सन टूरिज्म कहलाता है। राजस्थान की अगर बात करें तो यहां माउंट आबू में सनसैट पाइंट है। पर्यटक वहां विशेष तौर पर उसे ही देखने आते हैं। पर्यटन विभाग के उप निदेशक दलीप सिंह राठौड़ के अनुसार इन दिनों देश में देसी-विदेशी पर्यटकों का रुझान सन टूरिज्म की ओर बढ़ रहा है।

राजस्थान में सन टूरिज्म का स्थापित केंद्र तो माउंट आबू है, लेकिन राजस्थान में पहाड़ियों पर बने गढ़ और किले भी सन टूरिज्म को बढ़ावा दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि राजस्थान इन दिनों वेडिंग डेस्टिनेशन के रूप में भी ख्याति पा रहा है। ऐसे में सन टूरिज्म प्री-वेडिंग शूट का भी हिस्सा बन चुका है। प्रदेश के हर जिले में एक सन सैट पाइंट जरूर है।

विशेष रूप से माउंट आबू के अलावा जयपुर में नाहरगढ़, उदयपुर, कुम्भल गढ़, सवाईमाधोपुर, जैसलमेर और बाड़मेर सन टूरिज्म का हिस्सा हैं। जैसलमेर के सुनहरी धोरों से सूर्यास्त और सूर्योदय के नजारे देखना सैलानियों को अलौकिक अनुभव देता है। विभाग इन दिनों नए-नए पर्यटन क्षेत्रों को चिह्नित कर उनके विकास में जुटा है।



### ये है सन ट्यूरिज्म के केन्द्र

पर्यटन विशेषज्ञ और टूरिस्ट गाइड महेंद्र सिंह राठौड़ का कहना है कि राजस्थान की खासियत यही है कि यहां पर शानदार किले और हवेलियां हैं जो कि हेरिटेज टूरिज्म के साथ सन टूरिज्म को भी प्रमोट करते हैं। इसका कारण यह है कि प्राचीन काल में शाही परिवार या राजा यहां तक कि प्रजा व सभी लोग सुबह सूर्य की उपासना करते थे और यही कारण है कि हर किले में एक खास स्थान ऐसा है जहां से सूर्य को उगते हुए और डूबते देखा जा सकता है। विख्यात आमेर महल के पूर्वी दिशा की दीवार पर सूर्य दर्शन के लिए विशेष स्थान अंकित है।

### हॉर्स सफारी भी पावणों को लुभा रही

पर्यटन विशेषज्ञ व टूअर प्लानर देवी पाल सिंह भी सन टूरिज्म को लेकर उत्साहित हैं। उनका कहना है कि सन टूरिज्म का क्रेज हिल स्टेशन तक ही सीमित नहीं है। उनके अनुसार टूरिज्म प्लान में हॉर्स सफारी एक विशेष आकर्षण का केंद्र रहती है। इसके तहत सैलानियों को भोर में ही हॉर्स सफारी के लिए तैयार किया जाता है और रेतीले धोरों के बीच घोड़ों पर बैठकर सूर्योदय को देखना सैलानियों को रोमांचित कर देता है।

**जल का कहर:** नदी क्षेत्र के बांधों पर नजर, डाइवर्जन चैनल गेट खोले

# घग्घर के उफान से हाथ-पांव फूले हाई अलर्ट मोड पर रहा प्रशासन

**बेधड़क** | हनुमानगढ़

हरियाणा के ओटू हेड से लगातार पानी की मात्रा बढ़ाए जाने से घग्घर नदी में पानी का बहाव तेज हो रहा है। इससे बाढ़ के खतरे को लेकर प्रशासन के हाथ-पांव फूल रहे हैं। हालांकि नदी के बहाव क्षेत्र और बांधों पर अधिकारी लगातार नजर रखे हुए हैं और बाढ़ के खतरे को टालने के तमाम प्रयास किए जा रहे हैं। मंगलवार को नाली बेड में छोड़े जा रहे पानी की मात्रा में भी दो सौ क्यूसेक बढ़ोतरी हुई।

इसमें 5000 क्यूसेक पानी चल रहा था। पानी बढ़ने का क्रम जारी रहने पर जिला प्रशासन व जल संसाधन विभाग के अधिकारी हाई अलर्ट मोड पर रहे। सरकारी तंत्र निरंतर निगरानी में जुटा हुआ है। कहीं कोई कमजोर बांध है तो उसे मजबूत किया जा रहा है। इंटेक्स स्ट्रक्चर से घग्घर नदी का पानी इंदिरा गांधी फीडर में डालने से काफी राहत मिल रही है।

घग्घर बहाव क्षेत्र के आस-पास के गांवों के नागरिक भी जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन व जल संसाधन विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों के साथ नदी के तटबंधों की निगरानी में जुटे हुए हैं। जिला प्रशासन व जल संसाधन विभाग की ओर से जिले में घग्घर नदी में संभावित बाढ़ के खतरे को टालने का प्रयास किया जा रहा है। नदी तट के आस-पास मिट्टी के थैले रखवाए गए हैं।

अभी भी क्षेत्र के लोगों के लिए अगले दो-तीन दिन चुनौती भरे हैं। जल संसाधन विभाग उत्तर संभाग हनुमानगढ़ के मुख्य अभियंता अमरजीत मेहरड़ा सहित जल संसाधन विभाग के अधिकारियों ने मंगलवार को भी घग्घर साइफन सहित विभिन्न हेड आदि का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखी। मंगलवार को गुल्लाचिक्का हैड पर पानी की मात्रा में कुछ कमी आई, लेकिन ओटू से राजस्थान के लिए पानी की मात्रा लगातार बढ़ाई जा रही है।

ओटू हैड पर 31,275 क्यूसेक, घग्घर साइफन में 15,601 क्यूसेक, आरडी 629 से आईजीएनपी में 2,330 क्यूसेक सहित राजस्थान में 17,931 क्यूसेक पानी प्रवाहित हो रहा है। वहीं फिलहाल घग्घर नाली बैड आरडी 24 में 5000 क्यूसेक, जीडीसी आरडी 42 में 10601 क्यूसेक पानी प्रवाहित हो रहा है।



### 20 वर्ष पुराना डावर्जन चैनल अब काम का

जिले में वर्ष 1995 में आई बाढ़ आई थी। उसको देखते हुए एहतियात के तौर पर घग्घर में पानी को आईजीएनपी में डायवर्ट किया जा सके, इसके लिए टिब्बी के आरडी 629 में 20 वर्ष पहले 10 गेटों के डाइवर्जन चैनल को बनाया गया था। जिला कलेक्टर रुक्मणि रियार कि दूरदर्शिता के परिणाम स्वरूप अब पहली बार आईजीएनपी में पानी के लिए डाइवर्जन चैनल के गेट खोल दिए गए हैं। फिलहाल आईजीएनपी में 2330 क्यूसेक पानी डायवर्ट हो रहा है, जिसकी क्षमता 10 हजार क्यूसेक तक पानी डायवर्ट करने की है। इससे नाली बैड और जीडीसी पर पानी का दबाव कम हो रहा है। इसके अलावा नाली बैड कि परखी हुई क्षमता 5500 क्यूसेक है।

### प्रभावित लोगों के लिए बनाए राहत केंद्र

जिले में कुल 55 राहत केंद्रों को चिह्नित किया गया है। इसमें अति संवेदनशील क्षेत्र के लिए 33 राहत केंद्रों में व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से शुरू कर दिया गया है। यहां लोगों की सुविधा को देखते हुए व्यवस्थाएं की गई हैं। इसके अलावा टिब्बी-पन्नीवाली पीरकामडिया, शेरेका कमरानी गांव की विस्थापित करने योग्य 3800 आबादी के लिए 14 राहत केंद्र बनाए गए हैं। वहीं हनुमानगढ़ के अमरपुरा थेडी, मक्कासर, करनीसर, सहजीपुरा, बहलोलनगर, 7 एसएनम, 3 एसएनएम गांव की विस्थापित करने योग्य 3250 आबादी के लिए 12 राहत केंद्र बनाए गए हैं। पीलीबंगा के 23 एसटीजी. 26एसटीजी, 29 एसटीजी चक गांव की विस्थापित करने योग्य 2700 आबादी के लिए 7 राहत केंद्र बनाए गए हैं। राहत केंद्रों में भोजन, आवास, पानी, साफ-सफाई और शौचालय आदि व्यवस्था के लिए प्रभारी लगाए गए हैं। चिकित्सा विभाग की टीमों द्वारा शिविरों में स्वास्थ्य परीक्षण किया जा रहा है।

**सांवरिया सेठ के दर्शन कर लौट रहे थे**

# डंपर ने बरपाया कहर, 3 श्रद्धालुओं की मौत व 7 घायल



**बेधड़क** | भीलवाड़ा

जिले के मांडल थाना क्षेत्र में सोमवार देर रात रफ्तार का कहर देखने को मिला। तेज गति से आ रहे बजरी से भरे डंपर ने एक एक वैन को टक्कर मार दी। इसमें एक महिला सहित तीन लोगों की जान चली गई। वहीं हादसे में 7 लोग घायल हो गए। वैन सवार लोग सांवरिया सेठ के दर्शन कर वापस लौट रहे थे।

हादसा मांडल के भांदू गांव के पास हुआ। बेकाबू डंपर ने पहले श्रद्धालुओं से भरी वैन को टक्कर भारी फिर बाइक को चपेट में ले लिया। मांडल थाना प्रभारी मुकेश कुमार वर्मा ने बताया कि सोमवार देर रात भादू गांव के पास बजरी से भरे डंपर ने पहले वैन को फिर एक बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार जैतपुर निवासी कालू गुर्जर और वैन में सवार भादू निवासी कंचन देवी सुवालका और एक अन्य युवक की मौत हो गई। वहीं वैन में सवार खेड़ापिया निवासी अन्नू गुर्जर (17), शायरी गुर्जर (80), उदयलाल गुर्जर (30), सीमा गुर्जर (22), रतन (4), शिवलाल माली (30), पुष्पा राठौड़ (40) और चांदी देवी (50) घायल हो गए।

हादसे के बाद घायलों को महात्मा गांधी अस्पताल में भर्ती करवाया गया। मृतकों का पोस्टमार्टम करा शव परिजनों को सौंप दिए गए। पुलिस ने बताया कि डंपर चालक तेज रफ्तार से चला रहा था। हादसे के बाद चालक ने कुछ दूर जाकर डंपर को खाली किया फिर उसे छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने डंपर चालक की तलाश शुरू कर दी है।

**आरोपी ने बहला-फुसला कर** 6-7 लाख रुपए भी ठगे

# बड़ी नेता बनाने का झांसा देकर छात्रा से रेप, छात्र नेता गिरफ्तार

**बेधड़क** | जोधपुर

जिले के आसोप थाना क्षेत्र में कॉलेज छात्रा को संगठन से टिकट दिलाने और बड़ी नेता बनाने का झांसा देकर दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। इस मामले में पुलिस ने एबीवीपी प्रांत संयोजक रामलाल आसोप को गिरफ्तार कर लिया है।

आरोपी ने भोपालगढ़ कॉलेज में एबीवीपी से टिकट देने का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म किया। वहीं आरोपी छात्र नेता ने युवती



से बहला-फुसलाकर करीब 6-7 लाख रुपए भी ऐंठ लिए। युवती ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि साल 2021 में कोरोना काल में उसके दादाजी बीमार थे। जिनके लिए ऑक्सीजन की सख्त आवश्यकता थी। युवती ने अपने मोबाइल के इंस्टाग्राम पर पर स्टोरी पोस्ट कर ऑक्सीजन की मदद मांगी। पोस्ट को देखकर रामलाल ने फोन पर संपर्क किया और ऑक्सीजन की व्यवस्था के बारे में बताया।

इसके बाद अक्टूबर 2021 में गांव में लगे रक्तदान शिविर में दोनों की जान-पहचान हो गई। 12 जुलाई को आरोपी रामलाल युवती से उधार लिए पैसे देने के नाम पर उसके घर पहुंचा और चाकू दिखा डरा-धमका कर दुष्कर्म किया।

**पांचेटिया गांव की घटना:** तानों से परेशान हो गला घोंटकर की हत्या

# जन्मदिन पर पत्नी को मौत का 'तोहफा'

**बेधड़क** | पाली

एक पत्नी के जन्मदिन पति ने उसे मौत का तोहफा देते हुए गला घोंटकर उसकी जान ले ली। रिश्तों को तार-तार करने वाला यह मामला जिले के पांचेटिया गांव की है। पति के बार-बार लोने लेने और उसे नहीं चुका पाने पर घर आकर कर्ज देकर उलाहवना देने वालों से पत्नी परेशान थी।

इसके चलते उसने पति को कई बार समझाया, लेकिन वह नहीं माना। पति की इस हरकत से पत्नी इतनी गुस्सा होती कि जब कोई घर पर पति से कर्ज मांगने आता तो पत्नी घर के बाहर गली



में शोर मचाने लगती थी। इससे परेशान होकर पति ने गला घोंटकर उसकी हत्या कर दी। घटना 14 जुलाई देर शाम की बताई जा रही है। अब पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है।

आरोपी ने पूछताछ में पत्नी की हत्या करना कबूल किया है। आरोपी ने बताया कि वारदात के दिन लोन की किश्त नहीं भरने पर पत्नी गली में जाकर चिल्लाने लगी थी। पड़ोसियों के सामने इज्जत खराब होती देख गुस्से में आकर उसका गला घोंट दिया।

थानाधिकारी पन्नाराम ने बताया कि खारची गांव निवासी किशनसिंह रावणा राजपूत (38) ने अपनी पत्नी अनिता कंवर (35) की हत्या करना कबूला है। आरोपी ने बताया कि उसने एक माइक्रो फाइनेंस कंपनी से लोन ले रखा था। आर्थिक हालत ठीक नहीं होने से वह समय पर किश्तें नहीं भर पाया। 14 जुलाई की सुबह माइक्रो फाइनेंस कंपनी का कर्मचारी उसके घर आया और उसने लोन भरने की बात कही। किशनसिंह ने फाइनेंस कर्मचारी को जैसे-तैसे समझाकर वहां से भेज दिया, लेकिन उसकी पत्नी अनिता बहुत गुस्सा हो गई। अनिता ने गुस्से में गली में जाकर जोर-जोर से चिल्लाने लगी।

उस समय किशनलाल वहां से निकल गया। अगले दिन सुबह अनिता दोबारा उसी बात को दोहराने लगी। पत्नी के तानों से परेशान हो किशनलाल ने गला दबाकर अनिता की हत्या कर दी और मौके से फरार हो गया।

**जेएनवीयू में दुष्कर्म मामले पर बोले शेखावत**

# पुलिस सरकार की कठपुतली न बने: जलशक्ति मंत्री

**बेधड़क** | जोधपुर

केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने जेएनवीयू परिसर में नाबालिग से गैंगरेप की घटना पर एकबार फिर गहलोत सरकार को घेरा। शेखावत ने पुलिस-प्रशासन पर राज्य सरकार की कठपुतली बनकर काम करने के बजाय सतर्कता के साथ बिना किसी दबाव से काम करने को कहा।

शेखावत मंगलवार को दिल्ली रवाना होने से प्रेस वार्ता में मीडियाकर्मियों से बातचीत कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि जोधपुर में शिक्षा के मंदिर में जो कुछ हुआ, वो घोर निंदनीय है, जो महिलाओं का सम्मान नहीं कर सकता और उनके साथ



दुराचार करता है, वो हर समाज का अपराधी है। निश्चित रूप से ऐसे कुकृत्य करने वाले को ऐसी सजा मिले कि आगे कोई भी ऐसा कृत्य करने से पहले कई बार सोचे। उन्होंने कहा कि ऐसे मामलों में किसी भी स्तर पर राजनीति उचित नहीं है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि ऐसे मामलों की रोकथाम के लिए सरकार व प्रशासन को ठोस कदम उठाने चाहिए।

### मामले की गहराई से करे जांच

शेखावत ने कहा कि जोधपुर मामले की पुलिस तह में जाकर गहराई से जांच करे, ताकि इस मामले से जुड़े ओर भी कोई आरोपी हैं तो उनको दबोचा जा सके। पुलिस- प्रशासन केवल अपनी खुद की पीठ थपथपाने के लिए मुखिया जी की जी हजूरी नहीं करे। यह सोचे कि महिलाओं के साथ लगातार जो बलात्कार दुराचार के मामले बढ़ रहे हैं, उन पर कैसे अंकुश लगे। पुलिस बिना किसी तथ्यों के आधार किसी भी संगठन पर आरोप नहीं लगाए।

### गहलोत राज में कानून का भय नहीं

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पिछले साढ़े 4 साल से राज्य के गृहमंत्री भी हैं और उनके नेतृत्व में अपराधियों से कानून को भय समाप्त हुआ है। साढ़े 4 साल में एक भी घटना को उन्होंने गंभीरता से नहीं लिया। केवल अनिवार्य एफआईआर दर्ज करने के आदेश देकर इति श्री की है। उनकी रुचि कानून व्यवस्था में नहीं कुर्सी में है।

### रेप मामलों में आरोप पत्र ही कमजोर बना रहे

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि इस सरकार में रेप मामले में आरोप पत्र ही कमजोर बन रहे हैं। सजा का प्रतिशत भी कम होता है। वर्ष 2020 में महिलाओं से बलात्कार के मामले पहले स्थान पर राजस्थान रहा, जिनमें 45.4 प्रतिशत मामलों में सजा हुई। दूसरे स्थान पर उत्तर प्रदेश रहा, जिसमें 70.9 प्रतिशत मामलों में सजा दी गई। तीसरे स्थान पर मध्यप्रदेश रहा, जहां 33.8 प्रतिशत मामलों में सजा दी गई। उन्होंने कहा कि पुलिस की सोशल मीडिया पर कमजोर नजर है। सेक्सुअल कंटेट की रिपोर्टिंग नहीं होती। आपराधियों में कानून व्यवस्था का डर नहीं है। बेखौफ होकर वारदात को अंजाम देते हैं।

### पहले अपने सफेद कुर्ते पर दाग देख लें

शेखावत ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी एक अनुशासित और संस्कारी संगठन है। इसलिए कांग्रेस, बीजेपी के लोगों पर बिना किसी तथ्यों के मिथ्या आरोप ल लगाने के बजाय उनकी पार्टी के नेताओं के सफेद कुर्ते पर कितने दाग हैं और उनका महिलाओं के प्रति सोच व चाल-चरित्र देखें। कांग्रेस के नेता यह भूल गए कि जब एक अंगुली दूसरे पर उठाई जाती है तो बाकी की तीन अंगुलियां स्वयं की ओर ही होती हैं।

# महिला से अवैध संबंध बना वृद्ध की मौत का सबब

**बेधड़क** | भरतपुर

थाना कामां क्षेत्र के भूडाका गांव में एक सप्ताह पहले मॉर्निंग वॉक पर निकले 65 वर्षीय वृद्ध घनश्याम गुर्जर की के ब्लाइंड मर्डर मामले का थाना पुलिस ने खुलासा कर दिया। हत्या की साजिश में शामिल 32 वर्षीय विधवा महिला भोपा गुर्जर को गिरफ्तार किया गया है।

एसपी मृदुल कच्छावा ने बताया कि भूडाका गांव निवासी 65 वर्षीय घनश्याम गुर्जर 11 जुलाई की सुबह मॉर्निंग वॉक के लिए निकला था। उसका शव खेत में एक ग्रामीण को मिला। मृतक के बेटे तेज सिंह की रिपोर्ट पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई।

जांच में सामने आया कि मृतक घनश्याम के अपने ही परिवार की विधवा महिला भोपा गुर्जर से



अवैध शारीरिक संबंध थे। दोनों के घर आमने सामने ही हैं। वहीं महिला का थाना पहाड़ी इलाके के भैंसेडा गांव निवासी एक अन्य युवक भूपेंद्र गुर्जर (27) के साथ भी संबंध थे।

महिला के घर भूपेंद्र का आना-जाना घनश्याम को खटकता था और इसके लिए वह भोपा को टोकता था। परेशान होकर योजना अनुसार भोपा ने कॉल कर प्रेमी भूपेंद्र को सूचना दे दी। भूपेंद्र वृद्ध के खेत पर पहुंच गया और धारदार हथियार से उसकी हत्या कर दी।

**उपलब्धि:** अभी छह मासिक रूप से प्रकाशित हो रही है पत्रिका, जल्द होगा त्रैमासिक प्रकाशन

# यूजीसी केयर लिस्ट में संस्कृत विश्वविद्यालय की पत्रिका 'वयम्'

**बेधड़क** | जयपुर

जगतगुरु रामानन्दाचार्य राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय की शोध पत्रिका 'वयम्' को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) की केयर लिस्ट में शामिल कर लिया गया है।

विश्वविद्यालय की ओर से इस शोध पत्रिका का प्रकाशन विश्वविद्यालय के स्थापना वर्ष 2004 से ही निरन्तर किया जा रहा है। पूर्व में यह 2018 तक यूजीसी केयर लिस्ट में शामिल थी। संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. रामसेवक दुबे ने बताया कि संस्कृत वाङ्मय में निहित गृह तत्वों तथा नवसर्जनात्मक रचनाओं को प्रकाश में लाने के लिए इस पत्रिका का प्रथम अंक अक्षरा के नाम से प्रकाशित किया गया था जिसका लोकार्पण 13 फरवरी 2005 को हुआ था।

2006 से यह शोध पत्रिका 'वयम्' नाम से छह मासिक रूप से लगातार प्रकाशित हो रही है। अब तक इसके 32 अंकों का प्रकाशन हो चुका है। अब इसका प्रकाशन त्रैमासिक शोध पत्रिका के रूप में किया जाएगा जिससे ज्यादा से ज्यादा शोध लेखों को बढ़ावा मिल सके।


पत्रिका को यूजीसी केयर लिस्ट में शामिल किए जाने पर अनुसंधान निदेशक डॉ. माताप्रसाद शर्मा, सहायक आचार्य डॉ. सन्दीप जोशी सहित संस्कृत विश्वविद्यालय के कर्मचारियों व अनुसंधान विद्यार्थियों ने खुशी व्यक्त की।



## कुलपति ने की राज्यपाल से मुलाकात

**जयपुर।** जगद्गुरु रामानंदाचार्य राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. रामसेवक दुबे ने मंगलवार को राजभवन में राज्यपाल कलराज मिश्र से शिष्टाचार भेंट की। प्रो. दुबे ने राज्यपाल को विश्वविद्यालय में चल रही गतिविधियों की जानकारी दी। कुलपति दुबे ने बताया कि इस वर्ष से संस्कृत विश्वविद्यालय में छात्राओं को शिक्षा मात्र 500 रुपए प्रवेश शुल्क में दी जायेगी। इस पहल की राज्यपाल मिश्र ने सराहना की। इस अवसर पर राज्यपाल के विशेषाधिकारी गोविन्द राम जायसवाल भी उपस्थित थे।

## Yuva स्टोरीज



**JECRC में नया सत्र 25 से, 4500 स्टूडेंट्स ने लिया एडमिशन**

# ऑरिएंटेशन प्रोग्राम के साथ शुरू होगा सेशन

**बेधड़क** | जयपुर

जेईसीआरसी यूनिवर्सिटी के नए सत्र का शुभारंभ 25 जुलाई से ऑरिएंटेशन सेरेमनी के साथ होगा। ऑरिएंटेशन सेरेमनी में यूनिवर्सिटी में नए सेशन में एडमिशन लेने वाले स्टूडेंट्स व उनके अभिभावक भाग लेंगे। इस वर्ष जेईसीआरसी के विभिन्न कोर्सेज में 4500 से अधिक स्टूडेंट्स प्रवेश ले चुके हैं। देश के लगभग सभी प्रदेशों से स्टूडेंट्स ने इस बार यहां प्रवेश लिया है।

साथ ही इंजीनियरिंग कोर्सेज में प्रवेश लेने वाले स्टूडेंट्स के मार्क्स का औसत 78 प्रतिशत है व पत्रकारिता, हॉस्पिटैलिटी, डिजाइन, ह्यूमनिटीज और लॉ जैसे नॉन इंजीनियरिंग कोर्सेज में औसतन 72 प्रतिशत अंक वाले स्टूडेंट्स ने एडमिशन लिया है।

इस बार नॉन टैक्नीकल कोर्सेज में भी स्टूडेंट्स का काफी रुझान देखने को मिला है। यूनिवर्सिटी के डायरेक्टर स्टूडेंट अफेयर्स धीमांत अग्रवाल ने बताया कि इस बार तैयार होने वाले विभिन्न कोर्सेज के बैच में मेधावी छात्रों की भरमार होगी।

### एक्सपर्ट देंगे कॅरियर टिप्स

25 जुलाई से शुरू होने वाली क्लासेज में सभी कोर्सेज में कॅरियर की संभावनाओं पर इंडस्ट्री एक्सपर्ट बात करेंगे जिससे विद्यार्थियों को भविष्य का विजन मिलेगा। हर कोर्स के अनुसार इंडस्ट्री एक्सपर्ट उस क्षेत्र से जुड़ी संभावनाएं स्टूडेंट्स से साझा करेंगे। जेईसीआरसी यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर, प्रो. विक्टर गंभीर का कहना है कि ऑरिएंटेशन सेरेमनी से विद्यार्थी जेईसीआरसी यूनिवर्सिटी से जुड़ पाएंगे और इसके साथ अपने सुनहरे भविष्य को सच करने की और कदम बढ़ाएंगे।

**ट्रेनिंग:** वीजीयू में हुआ फैकल्टी इंडक्शन प्रोग्राम

# छात्रों के विकास के लिए शिक्षकों में मानवीय गुण होना आवश्यक

**बेधड़क** | जयपुर

विवेकानंद ग्लोबल यूनिवर्सिटी के अध्यक्ष प्रो. विजयवीर सिंह ने कहा कि शिक्षकों का मानवीय मूल्यों से समृद्ध होना जरूरी है। ऐसा होने पर ही शिक्षक विद्यार्थियों को ज्ञान, कौशल, विनय, शीलता, स्वावलंबन, संस्कार व उत्तम चरित्र की शिक्षा दे सकता है।



प्रो. सिंह वीजीयू की ओर से आयोजित संकाय संचालन (एफआईपी) कार्यक्रम में शिक्षकों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि शिक्षक समाज को दिशा देता है। वह विद्यार्थियों को पढ़ाने के साथ-साथ मार्गदर्शन भी करता है। कार्यक्रम में वीजीयू चेयरपर्सन डॉ. ललित के पंवार ने कहा कि वर्तमान में शिक्षा को अर्थव्यवस्था से जोड़ने की जरूरत है। हमें ऐसी शैक्षिक प्रणाली की ओर बढ़ना है, जो बाजार की चुनौतियों का सामना कर सके। शिक्षा के क्षेत्र में ग्लोबल रैंकिंग के लिए नए प्रयोगों के साथ शैक्षिक गुणवत्ता को बढ़ाना होगा। इस छह दिवसीय कार्यक्रम में वीजीयू के साथ-साथ अन्य विश्वविद्यालयों के विषय विशेषज्ञों ने भी भाग लिया। कार्यक्रम में 50 से अधिक शिक्षक शामिल हुए। विषय विशेषज्ञ के रूप में डॉ. अनिल मेहता, डॉ. तनुज सक्सेना, डॉ. प्रवीण चौधरी, नेहा अवस्थी, प्रो. बल्देव सिंह, डॉ. विकास भारती, डॉ. रीचा चौधरी, मोहित जैन, प्रो. एनडी माथुर, डॉ. अशोक कपिल व प्रो. एम रायसिंघानी आदि उपस्थित रहे।

### शिक्षकों को मिली एडमिनिस्ट्रेटिव ट्रेनिंग

एफईपी में यूनिवर्सिटी से जुड़े नए शिक्षकों को वीजीयू की एचआर पॉलिसी, कार्यस्थल पर महिला उत्पीड़न संबंधी पॉलिसी, प्रभावी संचार, लाइफ ऑफ वीजीयू, ईआरपी का प्रयोग, ईआरपी एल एक्स का प्रयोग, विश्वविद्यालय में समय प्रबंधन जैसे विषयों की भी जानकारी दी गई। एडमिनिस्ट्रेशन से जुड़े अधिकारियों ने शिक्षकों की शंकाओं का समाधान किया व यूनिवर्सिटी के नियमों की जानकारी दी। एफआईपी के तहत राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 पर भी एक सत्र का आयोजन किया गया।

## स्टूडेंट्स ने सीखे एआई के गुर



**जयपुर** । मालवीय कॉन्वेंट स्कूल के स्टूडेंट्स ने जेईसीआरसी यूनिवर्सिटी में आयोजित स्टूडेंट इंटर्नशिप कार्यक्रम में हिस्सा लिया। यहां स्टूडेंट्स ने आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस, डिजिटल मीडिया और उद्यमिता विकास से जुड़े विभिन्न नवाचारों के बारे में प्रोजेक्ट्स के माध्यम से प्रेक्टिकल नॉलेज प्राप्त की। स्कूल की प्रिंसीपल श्वेतिका कपूर ने बताया कि इंटर्नशिप कार्यक्रम के दौरान स्टूडेंट्स ने उद्यमिता, नवाचार, डिजाइन थिंकिंग, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, रोबोटिक्स, 3डी प्रिंटिंग और सोशल मीडिया मार्केटिंग जैसी तकनीकों की बारीकियों को नजदीक से जाना।

## यूनिवर्सिटी की दी जानकारी



**जयपुर।** महर्षि अरविंद यूनिवर्सिटी के विभिन्न संकायों में मंगलवार को कमेंसमेंट मीटिंग का आयोजन किया गया। इसमें यूनिवर्सिटी के चेयर पर्सन भारत पाराशर ने विद्यार्थियों को सत्र प्रारंभ होने की बधाई दी। कमेंसमेंट मीटिंग में पुराने विद्यार्थियों को विभिन्न स्कॉलरशिप योजनाओं, परीक्षा नियमों, रोजगार संभावनाओं की जानकारी दी गई। इस दौरान यूनिवर्सिटी की विभिन्न सेल्स के बारे मे भी जानकारी दी गई। स्टूडेंट्स की विभिन्न क्वेरीज का एक्सपर्ट्स ने जवाब दिया। पाराशर ने स्टूडेंट्स को नियमित अभ्यास से ही सुनिश्चित सफलता मिलने की बात कही।

## IIS में 'दीक्षारंभ' कार्यक्रम आज

**जयपुर।** मानसरोवर स्थित आईआईएस यूनिवर्सिटी के अंडर ग्रेजुएट कोर्सेज की शुरुआत के लिए 'दीक्षारंभ' कार्यक्रम बुधवार को आयोजित होगा। कार्यक्रम सुबह 9 बजे यूनिवर्सिटी परिसर स्थित ऑडिटोरियम में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में आईआईएस यूनिवर्सिटी के चांसलर डॉ.अशोक गुप्ता के वेलकम एड्रेस के बाद वाइस चांसलर प्रो. टीएन माथुर 'बदलाव की तैयारी प्रारंभ' विषय पर और प्रो. शिल्पी रिझवानी सिस्टम, संचालन और शैक्षणिक विषय पर विचार व्यक्त करेंगी। अंत में मोटिवेशनल टॉक भी होगा।

**गवर्नमेंट कॉलेज में नए वोटर्स के लिए लगा शिविर**

# वोट डाल समझी मतदान प्रक्रिया

**बेधड़क** | जयपुर

कंवर नगर ब्रह्मपुरी स्थित राजकीय महाविद्यालय के स्टूडेंट्स ने मंगलवार को चुनाव का वोटिंग सिस्टम समझा। निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी निर्वाचन क्षेत्र हवामहल एवं सहायक कलक्टर जयपुर शहर कार्यालय की टीम की ओर से कॉलेज में नए मतदाता बने छात्रों के लिए ईवीएम प्रदर्शन व मतदान प्रक्रिया की जानकारी देने के लिए शिविर आयोजित किया गया।



आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर इस कैम्प के आयोजन का उद्देश्य कॉलेज के विद्यार्थियों को ईवीएम से संबंधित समस्त जानकारी देना था। नव मतदाताओं के लिए यह कैम्प अत्यन्त उपयोगी सिद्ध हुआ। कैम्प में उपस्थित महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने सुपरवाइजर सन्नी माटोलिया व उनकी टीम के सदस्यों से अपनी जिज्ञासाएं साझा कीं। टीम के सदस्यों ने स्टूडेंट्स के मतदान प्रक्रिया से संबंधित सवालों के जवाब देकर उनकी शंकाओं का समाधान किया। इस कैम्प में समीपवर्ती राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय कंवर नगर की छात्राएं एवं संकाय सदस्य भी पहुंचे और मतदान संबंधी जानकारी ली। एनएसएस अधिकारी विवेक चूलेट ने निर्वाचन विभाग की टीम का धन्यवाद ज्ञापित किया।

### छात्रों ने की 'मॉक' वोटिंग

शिविर के दौरान दो ईवीएम पर वोट डालने की प्रक्रिया के बारे में प्रेक्टिकल रूप से समझाया गया। छात्रों ने ईवीएम पर वोट डालकर मतदान प्रक्रिया को समझा। सन्नी माटोलिया ने विद्यार्थियों को अपने मत का प्रयोग सावधानीपूर्वक करने के लिए बारीकियां समझाईं। ईएलसी अधिकारी प्रो. नीलम शर्मा ने उपस्थित विद्यार्थियों को कैम्प में मिली जानकारी अपने परिवार, मित्रों व आस-पड़ौस में सभी से साझा करने का आह्वान किया।

### जागरुकता के लिए होंगी प्रतियोगिताएं

महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. सुमन भाटिया ने मतदान का महत्व बताते हुए कैम्प की जानकारी विद्यार्थियों को दी। उन्होंने बताया कि निर्वाचन विभाग द्वारा जारी मतदाता जागरुकता संबंधी कार्यक्रमों की श्रृंखला के तहत कॉलेज में पोस्टर, स्लोगन व मॅस्कॉट प्रतियोगिताएं जुलाई व अगस्त माह में आयोजित करवाई जाएंगी।

राजस्थान आवासन मण्डल
हमारा प्रयास - सबको आवास

सीधी भर्ती परीक्षा- 2023

भर्ती दलालों/बिचौलियों से सावधान

निष्पक्ष और पारदर्शी परीक्षा संपादन के लिए संकल्पित और कटिबद्ध आवासन मंडल

राजस्थान आवासन मंडल द्वारा **कम्प्यूटर ऑपरेटर (सहायक प्रोग्रामर) के 6, डाटा एन्ट्री ऑपरेटर (सूचना सहायक) के 18, परियोजना अभियन्ता (कनिष्ठ) (सिविल) के 100, परियोजना अभियन्ता (कनिष्ठ) (विद्युत) के 11, वरिष्ठ प्रारूपकार के 4, कनिष्ठ प्रारूपकार के 10, विधि सहायक (कनिष्ठ विधि अधिकारी) के 9, कनिष्ठ लेखाकार के 50 और कनिष्ठ सहायक के 50 (कुल 258)** अराजपत्रित पदों के लिए सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ एडवांस्ड कम्प्यूटिंग (सी-डैक, भारत सरकार के सूचना एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय की स्वायत्तशासी संस्था) के माध्यम से सीधी भर्ती परीक्षा आयोजित की जा रही है। पूर्णतया ऑनलाइन होने वाली इस परीक्षा में किसी भी तरह की ओएमआर शीट का उपयोग नहीं किया जाएगा। राजस्थान आवासन मंडल निष्पक्ष और पारदर्शी परीक्षा संपादित कराने के लिए संकल्पित और कटिबद्ध है।

- **9 सदस्यीय कमेटी की कड़ी निगरानी में संचालित होगी परीक्षा:** सीधी भर्ती परीक्षा के सुचारू और सफल संचालन के लिए मंडल सचिव सहित 9 सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया है, जो कि परीक्षा से जुड़ी तमाम कार्यवाही और घटनाक्रम पर कड़ी और पैनी नजर रखेगी। इसके अलावा राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा एजेंसी भी पूरी तरह मुस्तैद और सजग रहेगी।
- **सेना, एयरफोर्स और अग्निवीर जैसे बड़ी परीक्षाओं के लिए जानी जाती है सी-डैक:** सी-डैक भारत सरकार के सूचना एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अधीन एक मात्र ऐसी स्वायत्तशासी संस्था हैं, जो स्वयं परीक्षा सॉफ्टवेयर तैयार एवं डवलप करती है, इनका परीक्षा सॉफ्टवेयर विश्वसनीय माना जाता रहा है। विगत 7 वर्षों में सी-डैक ने भारतीय सेना, इन्डियन नेवी, कोस्ट गार्ड, अग्निवीर और तमिलनाडु पावर एनर्जी आदि में भी भर्ती करवायी है। सी-डैक द्वारा विगत 5 वर्षों में लगभग 50 परीक्षाएं आयोजित कर लगभग 70 लाख अभ्यर्थियों की परीक्षा ली गई है। संस्था द्वारा सम्पन्न करवायी गयी भर्तियों में अब तक कोई भी न्यायिक वाद दायर नहीं हुआ है।
- **परीक्षा संबंधी सभी जानकारी के लिए संबंधित पोर्टल या वेबसाइट देखें:** भर्ती प्रक्रिया के सुचारू संपादन हेतु **rhbexam.in** वेबपोर्टल बनाया गया है, जिसका लिंक आवासन मण्डल की वेबसाइट **urban.rajasthan.gov.in/rhb** पर भी उपलब्ध है। उक्त पदों के लिये वांछित शैक्षणिक योग्यता, आयु-सीमा, पदों का वर्गीकरण, परीक्षा-शुल्क, अन्य शर्तें, परीक्षा-पैटर्न, पाठयक्रम, वेतन श्रृंखला एवं आवेदन प्रक्रिया इत्यादि की सूचना उपरोक्त वेबपोर्टल पर उपलब्ध है। ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया दिनांक 19.07.2023 से प्रारंभ हो जायेगी। परीक्षाओं के संबंध में समय-समय पर आवश्यक सूचनाएं **rhbexam.in** वेबपोर्टल पर उपलब्ध होंगी। इसके अतिरिक्त किसी भी प्रकार के मार्गदर्शन/सूचना के लिए हैल्पलाइन (प्रातः 9:00 से सायं 06:00 बजे तक) **9363322818/0141-2740064** पर भी सम्पर्क किया जा सकता है।

चेतावनी

भावी अभ्यर्थियों को आगाह किया जाता है कि सीधी भर्ती के संबंध में किसी दलाल, मीडिएटर, समाजकंटक या अपराधी के बहकावे में ना आए। यदि कोई परीक्षा में पास कराने के बदले रिश्वत की मांग करता है या किसी अन्य तरह का प्रलोभन या झांसा देता है तो प्रमाण सहित इस संबंध में निकटतम पुलिस स्टेशन में FIR दर्ज कराई जा सकती है।

राजस्थान संवाद

आवासन आयुक्त

आवास भवन, जनपथ, ज्योति नगर, जयपुर–302005

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की संयुक्त अरब अमीरात यात्रा

# भारत-यूएई: परवान चढ़ते रिश्ते



अरविंद जयतिलक
स्वतंत्र टिप्पणीकार

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की यात्रा ने दोनों देशों के परवान चढ़ते रिश्ते को एक नई धार दी है। दोनों देश आर्थिक क्षेत्र में क्रांतिकारी पहल करते हुए अपनी करेंसी रुपये और दिरहम में व्यापार समझौता शुरू करने पर सहमत हुए हैं। आरबीआई और संयुक्त अरब अमीरात के सेंट्रल बैंक के बीच संपन्न हुए समझौते के तहत दोनों बैंक एक फ्रेमवर्क तैयार करेंगे, जिसमें क्रॉस-बार्डर ट्रांजेक्शन के लिए लोकल करेंसी का इस्तेमाल करेंगे। इसके साथ ही दोनों बैंक अपने पेमेंट और मैसेजिंग सिस्टम के बीच इंटरलॉकिंग को लेकर कोऑपरेट करेंगे। दोनों देशों के बीच शिक्षा को लेकर भी समझौता हुआ है। इसके तहत अबू धाबी में आईआईटी दिल्ली का कैंपस खोला जाएगा। गौर करें तो आईआईटी का पश्चिम एशिया में पहला और विदेश में तंजानिया के बाद दूसरा कैंपस है।

निःसंदेह इस पहल से दोनों देशों के बीच व्यापार, निवेश और तकनीकी शिक्षा को बढ़ावा मिलेगा। प्रधानमंत्री मोदी ने संयुक्त अरब अमीरात में होने वाले संयुक्त राष्ट्र जलवायु सम्मेलन कॉप-28 को पूर्ण समर्थन देने का भरोसा दिया है। उन्होंने संयुक्त अरब अमीरात से प्रगाढ़ होते संबंध और शहजादे शेख से भाई जैसा मिलने वाले प्यार को निरूपित करते हुए कहा कहा कि भारत का हर व्यक्ति भी आपको एक सच्चे दोस्त के रूप में देखता है। याद होगा गत वर्ष पहले क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन जायद अल नहयान ने भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को यूएई के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'ऑर्डर ऑफ जायद' से नवाजा और उन्हें अपना भाई बताते हुए 'अपने दूसरे घर' आने के लिए आभार जताया था। इस बार की तरह तब भी यूएई ने दुनिया की सबसे ऊंची इमारत बुर्ज खलीफा समेत दुबई फ्रेम, एडनॉक बिल्डिंग एवं एमिरेट्स पैलेस को तिरंगे के रंग से रंग दिया था। दोनों देशों के बीच बढ़ती प्रगाढ़ता कई मायने में महत्वपूर्ण है। ऐतिहासिक, राजनीतिक, भौगोलिक, सांस्कृतिक व आर्थिक कारणों से अरब देश सदैव ही भारत की विदेश नीति में विशिष्ट महत्व का विषय व केंद्र बिंदू रहे हैं। यह क्षेत्र भारत के विदेश नीति के रक्षा संबंधित पहलुओं को प्रभावित करता है और इसी को ध्यान में रख प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी संयुक्त अरब अमीरात से निर्णायक संबंध जोड़ने की कोशिश कर रहे हैं।

> संयुक्त अरब अमीरात संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत की स्थायी सदस्यता की दावेदारी का समर्थन कर चुका है। दोनों देश आतंकवाद के विरुद्ध लड़ाई में साथ मिलकर चलने का भी संकल्प ले चुके हैं। फिलहाल भारत को अरब देशों से ऐसे दीर्घकालिक एवं सुसंगत रणनीति के तहत काम करने की जरूरत है ताकि वह इस क्षेत्र की अपेक्षाएं एवं सरोकार को फलीभूत कर सके। अच्छी बात यह है कि भारत और यूएई दोनों देशों के बीच महत्वपूर्ण प्रतिरक्षा सहयोग बना हुआ है। अरसे से भारत अपनी संस्थाओं में संयुक्त अरब अमीरात के रक्षा कार्मिकों को विभिन्न क्षेत्रों में प्रशिक्षण प्रदान करता रहा है और भारत भी संयुक्त अरब अमीरात द्वारा आयोजित रक्षा कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर भाग लेता है।

यह इसलिए भी आवश्यक है कि इस क्षेत्र में नए क्षेत्रीय कूटनीतिक-आर्थिक संबंध तेजी से बनते-बिगड़ते रहे हैं। इन परिस्थितियों के बीच संयुक्त अरब अमीरात की भारत से बढ़ती प्रगाढ़ता अति महत्वपूर्ण है। अच्छी बात है कि संयुक्त अरब अमीरात संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत की स्थायी सदस्यता की दावेदारी का समर्थन कर चुका है। दोनों देश आतंकवाद के विरुद्ध लड़ाई में साथ मिलकर चलने का भी संकल्प ले चुके हैं। फिलहाल भारत को अरब देशों से ऐसे दीर्घकालिक एवं सुसंगत रणनीति के तहत काम करने की जरूरत है ताकि वह इस क्षेत्र की अपेक्षाएं एवं सरोकार को फलीभूत कर सके। अच्छी बात यह है कि भारत और यूएई दोनों देशों के बीच महत्वपूर्ण प्रतिरक्षा सहयोग बना हुआ है। अरसे से भारत अपनी संस्थाओं में संयुक्त अरब अमीरात के रक्षा कार्मिकों को विभिन्न क्षेत्रों में प्रशिक्षण प्रदान करता रहा है और भारत भी संयुक्त अरब अमीरात द्वारा आयोजित रक्षा कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर भाग लेता है।



> भारत संयुक्त अरब अमीरात का दूसरा सबसे बड़ा व्यापार साझेदार है, वहीं संयुक्त अरब अमीरात भारत का तीसरा सबसे बड़ा व्यापार साझेदार है। साथ ही वह कच्चे तेल का तीसरा और एलएनजी-एलपीजी का दूसरा सबसे बड़ा स्रोत है। भारत द्वारा संयुक्त अरब अमीरात से आयात की जाने वाली वस्तुओं में पेट्रोलियम एवं उसके उत्पाद, सोना, चांदी, धातु अयस्क एवं बेशकीमती पत्थर इत्यादि शामिल हैं।

याद होगा गत वर्ष पहले संयुक्त अरब अमीरात के प्रदर्शनी निगम द्वारा आयोजित किए गए सर्व अंतरराष्ट्रीय प्रतिरक्षा प्रदर्शनी में भारत ने शिरकत की थी। इसी तरह फरवरी 2007 में बेंगलूरु में आयोजित 'एयरो इंडिया शो' में भाग लेने के लिए संयुक्त अरब अमीरात ने भी अपने अधिकारियों को भेजा था। जून 2003 में द्विपक्षीय प्रतिरक्षा आदान-प्रदान के लिए संयुक्त प्रतिरक्षा सहयोग समिति यानी ज्वाइंट डिफेंस को-ऑपरेशन कमेटी के गठन के लिए एक मसौदे पर हस्ताक्षर भी किए गए। भारतीय नौसेना के पोतों ने संयुक्त अरब अमीरात की अनेक सद्भावना यात्राएं की। मौजूदा समय में तटरक्षक स्तर पर भी दोनों के बीच सहयोग बना हुआ है। ज्वाइंट डिफेंस को-ऑपरेशन कमेटी के प्रावधानों के अनुसार मार्च 2007 में आयोजित हुई इसकी पहली बैठक में संयुक्त अरब अमीरात की पांच सदस्यीय प्रतिरक्षा टीम एंटी एयरक्रॉफ्ट गन एल-70 के जांच के लिए भारत आई। इससे साफ संकेत मिला कि संयुक्त अरब अमीरात की भारतीय प्रतिरक्षा हार्डवेयर के प्रति अभिरुचि है। यह भारत के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि है। वर्ष 2008 में बतौर विदेश मंत्री प्रणव मुखर्जी ने संयुक्त अरब अमीरात की यात्रा की और उसी वर्ष संयुक्त अरब अमीरात के विदेशी व्यापार मंत्री शेख लुबना अल कासिमी ने भी भारत की यात्रा की। फिक्की ने उन्हें वर्ष की सर्वश्रेष्ठ सफल महिला के खिताब से नवाजकर दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक पहलुओं को मजबूती दी। दोनों देशों ने एक-दूसरे के हितों को ध्यान में रख ढेरों समझौते किए जो अब फलदायी साबित हो रहे हैं। उदाहरण के लिए दोनों देशों ने प्रत्यपर्ण संधि, आपराधिक एवं सिविल मामलों में आपसी विधिक सहायता संधि, सिविल एवं वाणिज्यिक मामलों में सहयोग के लिए विधिक एवं न्यायिक समझौता किया जो सन 2000 से ही लागू है। इस संधि के तहत दोनों देश अपराधियों के हस्तांतरण के अलावा आपसी विधिक सहायता को मूर्त रूप दे सकते हैं।

चूंकि यह क्षेत्र नशीली दवाओं का अड्डा बनता जा रहा है, इसलिए दोनों देशों ने नशीली दवाओं और मस्तिष्क पर खतरनाक असर डालने वाले तत्वों की तस्करी रोकने के लिए 1994 में समझौता किया। इसी तरह 1975 में सांस्कृतिक समझौता और 1989 में नागरिक उड्डयन समझौता हुआ। सूचनाओं के आदान-प्रदान के लिए सन 2000 में अमीरात न्यूज एजेंसी तथा प्रेस ट्रस्ट ऑफ इंडिया के बीच समझौता हुआ। सेबी और अमीरात प्रतिभूति एवं पण्य प्राधिकरण के बीच भी समझौता हुआ। साथ ही प्रत्यायन गतिविधियों में तकनीकी सहयोग के लिए ईएसएमए तथा नेशनल एक्रिडेशन बोर्ड फॉर टेस्टिंग एंड कैलिब्रेशन लेबोरेटरीज के बीच समझौते हुए। दूरदर्शन के ब्रॉडकास्टिंग कॉरपोरेशन महानिदेशालय अर्थात प्रसार भारती तथा अमीरात केबल टीवी मल्टीमीडिया एलएलसी के बीच चैनल प्रबंधन समझौते को सन् 2000 में आकार दिया गया। इस समझौते के अनुसार दूरदर्शन संयुक्त अरब अमीरात में डाउन लिंकिंग तथा वितरण कर सकता है। दोनों देशों के बीच दिसंबर 2006 में मैन पॉवर सोर्सिंग इनकॉरपोरेशन के एक मसौदे पर भी समझौता हुआ। इतिहास पर दृष्टि डालें तो इस क्षेत्र से भारत का सामाजिक व व्यापारिक संबंध शताब्दियों का रहा है। इतिहास से जानकारी मिलती है कि भारत से मसाले व कपड़े अमीरात क्षेत्र को और अमीरात क्षेत्र से मोती व खजूर भारत को भेजे जाते रहे हैं। चूंकि पश्चिमी तट विशेष रूप से मालाबार तट में भारत के व्यापारिक अड्डे शारजाह एवं दुबई हैं, इस नाते भी दोनों क्षेत्रों के बीच सांस्कृतिक व व्यापारिक संबंधों में मिठास बनी हुई है।

उसी का नतीजा है कि आज संयुक्त अरब अमीरात में तकरीबन पैंतीस लाख से अधिक भारतीय कामगार हैं जो न सिर्फ रोजी-रोटी कमा रहे हैं, बल्कि अपनी गाढ़ी कमाई का बड़ा हिस्सा भारत भेजकर भारतीय अर्थव्यवस्था को मजबूती दे रहे हैं। संयुक्त अरब अमीरात से ही 15 अरब डॉलर भारत आता है। गौर करें तो अरब देशों में संयुक्त अरब अमीरात एक महत्वपूर्ण वाणिज्यिक एवं व्यवसायिक हब है तथा साथ ही सिंगापुर एवं हांगकांग के बाद विश्व में तीसरा प्रमुख पुनर्निर्यातक केंद्र भी। यही वजह है कि यह इराक, ईरान, सीआइएस देशों तथा अफ्रीका आदि बाजारों के लिए स्रोत केंद्र बना हुआ है। भारत संयुक्त अरब अमीरात का दूसरा सबसे बड़ा व्यापार साझेदार है, वहीं संयुक्त अरब अमीरात भारत का तीसरा सबसे बड़ा व्यापार साझेदार है। साथ ही वह कच्चे तेल का तीसरा और एलएनजी-एलपीजी का दूसरा सबसे बड़ा स्रोत है।

भारत द्वारा संयुक्त अरब अमीरात से आयात की जाने वाली वस्तुओं में पेट्रोलियम एवं उसके उत्पाद, सोना, चांदी, धातु अयस्क एवं धातु अपशिष्ट, सल्फर एवं लौह पायराइटस, मोती तथा बेशकीमती पत्थर इत्यादि शामिल हैं। इसी तरह भारत द्वारा निर्यात की जाने वाली वस्तुओं में आरएमजी कॉटन, रत्न, आभूषण, मानव निर्मित धागे, समुद्री उत्पाद तथा प्लास्टिक इत्यादि हैं। मौजूदा समय में दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार 84 अरब डॉलर है। माना जा रहा है कि दोनों देशों के आर्थिक व कूटनीतिक संबंधों में और भी मजबूती आएगी और व्यापारिक साझेदारी को नया आयाम मिलेगा।

**(ये लेखक के अपने विचार हैं)**

---

**व्यंग्य**

## क्या सीखना था... क्या सीख लिए!



रेखा शाह आरबी
व्यंग्यकार

दुनिया रोज बदलती जा रही है पहले से भी और ज्यादा हम लोग विकसित होते जा रहे हैं और इंसान तो कुछ ज्यादा ही विकसित हो चुका हैं। पहले हम में सिर्फ इंसानों वाले गुण हुआ करते थे अब तो जानवरों वाले गुण भी इंसानों के भीतर आते जा रहे हैं।

अब इसे विकास नहीं कहा जाएगा तो क्या कहा जाएगा और क्या कहा जा सकता है! पहले हम कुत्तों को अपनी सहूलियत के लिए पालते थे, सिखाते थे, प्रशिक्षित करते थे और कुत्तों ने भी पूरी लगन और तन्मयता से सीखा और जानवर होकर भी कर्तव्य और निष्ठा के उच्च मानक स्थापित करके कहीं-कहीं पर अपने को मनुष्य से भी श्रेष्ठ साबित किया। पहले भी हमारे बड़े बुजुर्ग कहते थे हमें जानवरों से उनकी दिनचर्या के बारे में शिक्षा लेनी चाहिए लेकिन इंसान ने सीखा भी तो क्या सीखा... कुत्ते के जैसे टांग उठाकर मूत्र विसर्जन कहीं पर भी, इंसानों ने उनकी बुरी आदत सीखी। और यह कुत्ते लैम्प पोस्ट, गाड़ी, अन्य किसी वस्तु का मूल्य और मान-सम्मान परवाह किए बिना कहीं पर भी पर मूत्र विसर्जन करते हैं। वैसे ही अभी हाल-फिलहाल इंसान ने भी करना शुरू किया है। अब यह अलग बात है कि उसे लैंप पोस्ट या गाड़ी नहीं मिली तो इंसान के सिर को ही लैंप पोस्ट समझ बैठा और मूत्र विसर्जन कर दिया। वैसे कुछ सामंतवादी सोच वाले गरीब बेघर बेचारों को बहुत पहले से इंसान समझना छोड़ दिए थे... वह तो इस बार सोशल मीडिया का कमाल है जिसने थोड़ा सा रायता फैला दिया। लेकिन एक बात की बहुत ज्यादा खुशी है कि कुत्तों ने हम इंसानों से बहुत कुछ नहीं सीखा और न ही सीख सकते हैं, क्योंकि वह इंसानों की तरह इतना नीचे नहीं गिर सकते।

अभी भी वह ईश्वर द्वारा बनाए नियमों का पालन करते हैं। तय समय पर सोना, भूख लगने पर खाना, इत्यादि प्रकृति के नियम अनुसार करते हैं। उन्हें प्रकृति से उतना ही चाहिए जितनी उनकी जरूरत है और जितनी भूख उनको ईश्वर ने दी है, लेकिन इंसानों की भूख से तो पूरी पृथ्वी डांवाडोल एवं अस्त-व्यस्त त्रस्त है। इस वजह से सारा जीव जगत खतरे में व भयभीत है। जरा सोचकर देखिए, रोंगटे खड़े हो जाएंगे, अगर कुत्ते इंसानों के सारे गुण सीख लें तो क्या हालत इस दुनिया की हो सकती है। हम इंसान क्या-क्या नहीं करते हैं पूरे के पूरे अवगुणों की दुकान हैं और इस दुकान में छल-कपट, झूठ-बेईमानी, रेप-मर्डर, चोरी-चकारी डबल फेस सब कुछ तो इस दुकान में भरपूर मात्रा में मौजूद है। यह सारे इंसानों के गुण हैं। अगर देश के सारे कुत्ते यह गुण सीख लें तो इंसानों का रहना मुहाल हो जाएगा। धरती पर पनाह मांगते फिरेंगे। लेकिन शुक्र है ऐसा होना संभव नहीं है। हास्यप्रद बात यह है कि हम इंसानों ने कुत्तों से सिर्फ उसकी बुरी आदत सीखी, कहीं भी किसी भी जगह मूत्र विसर्जन, किसी भी वस्तु पर कर देना। जबकि उसमें सीखने के लिए हजारों अच्छे गुण थे। वफादारी, निष्ठा अपनों से प्रेम करना, कुत्तों का संतोषी स्वभाव, उनकी वीरता, उनका सदैव सतर्क रहना।

याद रखें यह सारे सुंदर गुण कुत्तों के हैं और इंसान चाहे तो कुत्तों से अनेक अच्छे गुण यह सीख सकता है और उसे यह सीखने की बहुत ज्यादा जरूरत है। एक कुत्ता जब किसी के द्वारा आधी रोटी भी खा लेता है तो उसे काटता नहीं है अपितु सदैव उसका वफादार बना रहता है जबकि इंसान अक्सर जिस पेड़ की छांव में रहता है उसी को काटने में लगा रहता है। कुत्तों के पास एक पूंछ भी होती है जिसके बारे में कहावत है- "सौ बरस नली में रखिए फिर भी कुत्ते की पूंछ टेढ़ी की टेढ़ी ही रहेगी।" यह कहावत यदि कुत्तों पर लागू होती है तो इंसानों पर भी यह कहावत पूरी तरीके से लागू होती है- इंसान की औलाद चाहे कितने भी सुंदर, संयमित, निष्ठावान जीव जगत के सानिध्य में रह ले पर सीखेगा इंसानों वाली उटपटांग हरकतें ही और सब को परेशान ही करेगा।

---



**राहुल गांधी,** कांग्रेस नेता
**@RahulGandhi**
हिमाचल में विशेष कर जीवन और सम्पत्ति का बहुत नुकसान हुआ है, आइए, मिलकर टूटे घरों और जिंदगियों को जोड़ें, भारत जोड़ें!



**वसुंधरा राजे,** पूर्व मुख्यमंत्री
@VasundharaBJP
राजस्थान में हर रोज करीब 18 दुष्कर्म के मामले हो रहे हैं, मुख्यमंत्री जी, इन शर्मनाक आंकड़ों पर आज तक आप एक शब्द नहीं बोले, माताएं-बहनें सुरक्षित हों, यही हमारा ध्येय है।



**दीया कुमारी,** बीजेपी सांसद, राजस्थान
**@KumariDiya**
राजस्थान में सत्ता संरक्षित अपराधी बेखौफ! उदयपुर के लसाड़िया थाना क्षेत्र में एक विवाहित के साथ गैंगरेप की घटना की मैं कड़ी निंदा करती हूं।



**अरुण गोविल,** अभिनेता
**@arungovil12**
सत्य की नाव डगमगाती अवश्य है, पर डूबती नहीं।



**जगदीश वासुदेव,** योग गुरु
@SadhguruJV
यह मुझसे सहमत होने या मुझसे असहमत होने के बारे में नहीं है, बस मेरे साथ रहो और सीमाओं से परे खिलो।

---

**नॉलेज कॉर्नर:** घनघोर अंधेरे में किसान का साथ देता है यह उपकरण

# डेविड मिसेल ने किया 'टॉर्च' का आविष्कार

किसी भी कार्य को करने के लिए हमे सबसे अधिक जरूरत पड़ती है, रोशनी की... ऐसे में हमारे पास उपयुक्त संसाधन होना आवश्यक है। दिन के समय हम आसानी से प्राकृतिक रोशनी से कार्य कर सकते हैं, मगर जब बात रात के अंधेरे की हो तो उससे लड़ने के लिए लाइट की जरूरत होती ही है। यूं तो आजकल रोशनी के लिए कई तरह के संसाधन काम में लिए जाते हैं, लेकिन अब भी दुनियाभर में एक ऐसा वर्ग है जो रोशनी के आधुनिक संसाधनों से अब तक वंचित है। ऐसे लोगों की जरूरत के समझते हुए ही वर्षों पहले टॉर्च का आविष्कार किया गया था। खासकर इसे किसान हितैषी भी कहा जाता है। जानते हैं आज के नॉलेज कॉर्नर में...

### टॉर्च के बारे में

टॉर्च इस प्रकार का पोर्टेबल इलेक्ट्रिक लैंप है, जिसे आसानी से हाथ से पकड़ा जा सकता है। इसका आकार इतना छोटा भी होता है कि इसे जेब में रखकर कहीं भी ले जाया जा सकता है। इसमें बैटरी प्रयुक्त होती है, जिसकी मदद से यह लंबे समय तक काम करती है। एक बार बैटरी खत्म होने पर उसे पुन: चार्ज कर काम में लिया जा सकता है। इसका इस्तेमाल ड्राई सेल लगाकर भी किया जा सकता है। इसे इलेक्ट्रिक लैंप भी कहते हैं। आजकल मोबाइल फोन में भी फ्लैशलाइट के रूप में टॉर्च उपलब्ध होती है। इससे पता चलता है कि आधुनिकता के इस दौर में भी टॉर्च की बहुत महत्ता है। इसका उपयोग प्रकाश की अनुपस्थिति में, बिजली कटौती के दौरान तथा खेत में काम करते समय किया जाता है।




### कब हुआ आविष्कार

विश्व की पहली ड्राई सेल बैटरी का आविष्कार वर्ष 1887 में हुआ था। इसमें पेस्ट इलेक्ट्रोलाइट का उपयोग किया गया था। यह पोर्टेबल विद्युत उपकरणों के लिए काम में ली जाने वाली उपयुक्त पहली बैटरी थी। इसके बाद 10 जनवरी 1899 को ब्रिटिश आविष्कारक डेविड मिसेल ने टॉर्च का यूएस पेटेंट करवाया। जिसे उन्होंने अमेरिकन इलेक्ट्रिकल नॉवेल्टी एंड मैन्युफैक्चरिंग कंपनी को सौंपा। मिसेल द्वारा बनाई गई टॉर्च डी बैटरियों से संचालित होती थी। इसमें एक फाइबर ट्यूब प्रयुक्त की गई थी, जिसके एक तरफ पीतल के सिरे वाले कैप और बुल्स-आई ग्लास लेंस लगाए गए थे।

### कितना बदला इसका रूप

*शुरुआत में टॉर्च बनाने के लिए तरल पदार्थ का इस्तेमाल किया गया था। इसके बाद इसमें पेस्ट इलेक्ट्रोलाइट लगाया गया। 1900 के दशक में डी बैटरियों से चलने वाली टॉर्च आई। इसके बाद 2000 के दशक की शुरुआत में एलईडी फ्लैशलाइट्स बनाई गईं। वर्ष 2006 में मैगलाइट ने अपनी पहली एलईडी फ्लैशलाइट बनाई।* कंटेंट: सुप्रिया सरकार

**छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव: संगठन में बदलाव में जुटी है कांग्रेस**

# सांसद फूलोदेवी नेताम का प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष पद से इस्तीफा

एजेंसी | रायपुर



छत्तीसगढ़ से कांग्रेस की राज्यसभा सदस्य एवं वरिष्ठ आदिवासी नेता फूलोदेवी नेताम ने छत्तीसगढ़ प्रदेश महिला कांग्रेस के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया है। नेताम ने कहा है कि वह चाहती हैं कि किसी अन्य महिला को इस पद पर अवसर मिले, इसलिए उन्होंने पद से इस्तीफा दिया है। छत्तीसगढ़ में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले सत्ताधारी दल में संगठन और सरकार के स्तर पर लगातार बदलाव हो रहे हैं। इससे पहले पार्टी प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष को बदल चुकी है। नेताम ने मंगलवार को ट्वीट करके अपने इस्तीफे की जानकारी दी। नेताम ने अपने में ट्वीट में कहा, पार्टी को सुदृढ करने के लिए समर्पित कार्यकर्ता के रूप में सदैव की भांति कार्यरत रहूंगी। धन्यवाद।'' उन्होंने ट्वीट में राष्ट्रीय महिला कांग्रेस की अध्यक्ष नेटा डिसूजा को लिखा त्यागपत्र भी साझा किया है।

### किसी ने इस्तीफा देने के लिए नहीं कहा

नेताम ने कहा कि उन्हें किसी ने भी इस्तीफा देने के लिए नहीं कहा था। राज्य में आगामी विधानसभा चुनाव लड़ने से संबंधित सवाल पर नेताम ने कहा कि वह आलाकमान के निर्देश का पालन करेंगी। यह पूछे जाने पर कि उन्होंने पद से इस्तीफा क्यों दिया है, नेताम ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, मैं पिछले सात वर्षों से इस पद पर हूं। राज्यसभा सदस्य भी हूं। अब चाहती हूं कि अन्य बहनों को यह जिम्मेदारी मिले। इक्यावन वर्षीय नेताम राज्य के बस्तर क्षेत्र के कोंडागांव जिले की निवासी हैं। वह राज्य की वरिष्ठ आदिवासी नेता हैं। वह वर्ष 1998 से वर्ष 2003 तक अविभाजित मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ विधानसभा की सदस्य रही हैं। राज्य से राज्यसभा की पांच सीटें हैं, जिनमें से चार पर कांग्रेस तथा एक पर भारतीय जनता पार्टी की सदस्य है।

### प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष बदल चुकी है पार्टी

छत्तीसगढ़ में इस वर्ष के अंतिम महीनों में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले सत्ताधारी दल कांग्रेस में संगठन और सरकार के स्तर पर तेजी से बदलाव हो रहा है। पार्टी ने पिछले सप्ताह बुधवार को प्रदेश अध्यक्ष मोहन मरकाम को हटाकर बस्तर क्षेत्र के सांसद दीपक बैज को प्रदेश कांग्रेस कमेटी का अध्यक्ष बनाया था। गुरुवार को वरिष्ठ आदिवासी नेता प्रेमसाय सिंह टेकाम ने मंत्री पद से त्यागपत्र दिया था और शुक्रवार को मरकाम ने मंत्री पद की शपथ ली।

### गुजरात: अमूल डेयरी के निदेशक फिर से कांग्रेस में शामिल

**अहमदाबाद।** सहकारिता क्षेत्र के नेता और अमूल डेयरी के रूप में प्रसिद्ध देश के सबसे पुराने कैरा जिला सहकारी दुग्ध उत्पादक संघ के निदेशक जुवनसिंह चौहान मंगलवार को फिर से कांग्रेस में शामिल हो गए। दो बार अमूल के निदेशक रहे चौहान इस साल फरवरी में डेयरी अध्यक्ष के चुनाव से पहले भाजपा में शामिल हो गए थे। उससे पहले वह करीब दो दशकों तक कांग्रेस में थे। वह पार्टी मुख्यालय 'राजीव भवन' में एक समारोह में कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष शक्तिसिंह गोहिल की उपस्थिति में अपने समर्थकों के साथ कांग्रेस में फिर से शामिल हो गए। गोहिल ने कहा कि चौहान डेयरी संघ में भाजपा के बढ़ते राजनीतिक हस्तक्षेप से नाखुश थे।

### हम न तो भाजपा और ना ही विपक्ष के साथ: अल्ताफ



**जम्मू।** अपनी पार्टी के अध्यक्ष अल्ताफ बुखारी ने कहा है कि उनकी पार्टी न तो भारतीय जनता पार्टी के साथ है और ना ही विपक्ष के साथ है। बुखारी ने जोर देकर कहा कि उनकी प्रतिबद्धता नई दिल्ली और जम्मू-कश्मीर के हितों के प्रति है। उन्होंने कहा कि सीमावर्ती क्षेत्र होने के कारण जम्मू-कश्मीर केंद्र सरकार से कटकर रहने का जोखिम नहीं उठा सकता। बुखारी ने कहा,हमें दिल्ली के साथ खड़ा होना होगा। यही राष्ट्रहित में है। यही हमारे लोगों के हित में है। जम्मू-कश्मीर की दो प्रमुख पार्टियां-नेशनल कॉन्फ्रेंस और पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी जहां भाजपा के खिलाफ अन्य विपक्षी दलों के साथ खड़ी हैं, वहीं अपनी पार्टी ने खुद को राजनीतिक रूप से तटस्थ रखने का फैसला किया है।

### तेलंगाना: प्रियंका गांधी की 20 की जनसभा स्थगित



**हैदराबाद।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा की 20 जुलाई को तेलंगाना में होने वाली एक जनसभा भारी बारिश के पूर्वानुमान के कारण स्थगित कर दी गई है। पूर्व मंत्री जुपल्ली कृष्ण राव इस जनसभा के दौरान पार्टी में शामिल होने वाले थे। यह बैठक हैदराबाद से लगभग 160 किलोमीटर दूर महबूबनगर के पास कोल्लापुर में प्रस्तावित थी। तेलंगाना प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष और पूर्व सांसद मल्लू रवि ने मंगलवार को कहा कि जनसभा की नई तारीख जल्द ही घोषित की जाएगी।

**पीएम मोदी का विपक्षी सम्मेलन पर कड़ा प्रहार, कहा-**

# कट्टर भ्रष्टाचारी सम्मेलन है यह कितने चेहरे लगाए बैठे हैं लोग!

एजेंसी | पोर्ट ब्लेयर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए कहा कि देश के लोग 2024 के लोकसभा चुनाव में फिर एक बार भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार को वापस लाने का मन बना चुके हैं इसलिए 'देश की बदहाली' के लिए जिम्मेदार लोग एक बार फिर 'अपनी दुकान' खोलकर बैठ गए हैं।

यहां के वीर सावरकर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के नए एकीकृत टर्मिनल का वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से उद्घाटन करने के बाद मोदी ने अपने संबोधन में यह बात कही। प्रधानमंत्री ने विपक्षी दलों की बेंगलुरु बैठक को 'कट्टर भ्रष्टाचारी सम्मेलन' करार दिया और अवधी भाषा की एक कविता की कुछ पंक्तियों का उल्लेख करते हुए कहा, 'गाइत कुछ है, हाल कुछ है, लेबल कुछ है, माल कुछ है। बेंगलुरु की बैठक का उल्लेख करते हुए मोदी ने कहा, आप देखिए, यह लोग कितने चेहरे लगा कर बैठे हैं। जब यह लोग कैमरे के सामने एक फ्रेम में आ जाते हैं तो पहला विचार देश के सामने यही आता है... पूरा फ्रेम देख करके देशवासी यही बोल उठता है... लाखों करोड़ों रुपए का भ्रष्टाचार। यह तो कट्टर भ्रष्टाचारी सम्मेलन हो रहा है। मोदी ने कहा कि 'इनकी दुकान' पर दो चीजों की गारंटी मिलती है और वह गारंटी है 'जातिवाद का जहर' और 'असीमित भ्रष्टाचार'।उन्होंने यह भी कहा कि आजादी के 75 वर्षों के बाद भारत कहां से कहां पहुंच सकता था, लेकिन भारतीयों के सामर्थ्य के साथ भ्रष्टाचारी और परिवारवादी पार्टियों ने अन्याय किया।






### विपक्षी पार्टियों के लिए परिवार पहले, राष्ट्र कुछ भी नहीं

प्रधानमंत्री ने कहा कि लोकतंत्र का अर्थ 'लोगों का, लोगों द्वारा, लोगों के लिए' है, लेकिन इन परिवारवादी पार्टियों का एक ही मंत्र है और वह है 'परिवार का, परिवार द्वारा, परिवार के लिए। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्षी पार्टियों के लिए, उनका परिवार सबसे पहले है और राष्ट्र कुछ भी नहीं है। विपक्षी पार्टियों के नेता देश के लोकतंत्र और संविधान को 'अपना बंधक' बनाना चाहते हैं। उन्होंने कहा, इनके लिए मैं ये ही कहना चाहूंगा - नफरत है घोटाले हैं, तुष्टीकरण है मन काले हैं, परिवारवाद की आग के दशकों से देश हवाले है।विपक्ष की

### दूर दराज के इलाकों तक नहीं पहुंचा विकास

अंडमान एवं निकोबार द्वीपसमूह में पिछले नौ साल में हुए विकास कार्यों का जिक्र करते हुए मोदी ने कहा कि लंबे समय तक भारत में विकास का दायरा कुछ बड़े शहरों और कुछ क्षेत्रों तक सीमित रहा और कुछ दलों की स्वार्थ भरी राजनीति के कारण विकास का लाभ देश के दूर-दराज वाले इलाकों तक पहुंचा ही नहीं। उन्होंने कहा, ये दल उन्हीं कामों को प्राथमिकता देते थे, जिनमें इनका खुद का भला हो, इनके परिवार का भला हो। नतीजा ये हुआ कि हमारे आदिवासी क्षेत्रों और द्वीपों की जनता विकास से वंचित रही, विकास के लिए तरसती रही।

### हवाई अड्डे के नए एकीकृत टर्मिनल का उद्घाटन किया

पीएम मोदी ने मंगलवार को वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से यहां के वीर सावरकर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के नये एकीकृत टर्मिनल का उद्घाटन किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि इस टर्मिनल के बन जाने से अंडमान और निकोबार द्वीप की यात्रा सुगम हो जाएगी और विशेष रूप से इस क्षेत्र में पर्यटन को काफी बढावा मिलेगा। नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने परिसर में वी डी सावरकर की प्रतिमा का अनावरण किया और प्रतिष्ठान का दौरा किया। नए टर्मिनल भवन का निर्माण लगभग सात सौ दस करोड़ रुपए की लागत से किया गया है। यह टर्मिनल अंडमान और निकोबार के संपर्क को बढावा देने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

**संसद का मानसून सत्र कल से**

# सर्वदलीय बैठक आज, सत्र के संचालन पर सभी दलों से होगी चर्चा

एजेंसी | नई दिल्ली



संसद के गुरुवार से शुरू होने जा रहे मानसून सत्र से एक दिन पहले 19 जुलाई को केंद्र सरकार ने सर्वदलीय बैठक बुलाई है, जिसमें सत्र को सुचारू रूप से चलाने के लिए सभी दलों के साथ चर्चा की जाएगी। संसद के मानसून सत्र 11 अगस्त तक चलेगा। इस दौरान संसद के दोनों सदनों की कुल 17 बैठकें प्रस्तावित हैं।

मानसून सत्र के हंगामेदार रहने के आसार हैं। एक ओर जहां सत्ता पक्ष महत्वपूर्ण विधेयकों को पारित कराने का प्रयास करेगा, वहीं दूसरी ओर विपक्ष मणपुर हिंसा, रेल सुरक्षा, महंगाई और अडाणी मामले पर जेपीसी गठित करने की मांग सहित अन्य मुद्दों पर सरकार को घेरने की कोशिश करेगा। संसदीय कार्य मंत्रालय के अनुसार, संसद के मानसून सत्र की पूर्व संध्या पर दोनों सदनों के सभी राजनीतिक दलों के नेताओं की बैठक बुधवार को अपराह्न 3 बजे संसदीय ग्रंथालय भवन में बुलाई गई है। संसद के सत्र से पहले सर्वदलीय बैठक बुलाने की परंपरा रही है, जिसमें विभिन्न दल अपने मुद्दों को रखते हैं। इस बैठक में सरकार के वरिष्ठ मंत्री शामिल होते हैं। ऐसी कई बैठकों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी हिस्सा लिया है। उधर, राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ द्वारा मंगलवार (18 जुलाई) को बुलाई गई सर्वदलीय बैठक को टाल दिया गया, क्योंकि कई दलों के नेता उपलब्ध नहीं थे। विपक्षी दलों की मंगलवार को बेंगलुरू में बैठक हो रही है, जबकि भाजपा नीत राजग की बैठक भी आज ही राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में होने वाली है।

### 21 विधेयक हो सकते हैं पेश

लोकसभा सचिवालय के एक बुलेटिन के अनुसार, सरकारी कार्यों की संभावित सूची में 21 नए विधेयकों को पेश व पारित करने के लिए शामिल किया गया है। इसमें दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र सरकार संशोधन विधेयक 2023 भी शामिल है। यह विधेयक संबंधित अध्यादेश का स्थान लेने के लिए पेश किया जाएगा। आम आदमी पार्टी इस मुद्दे को लेकर सरकार पर निशाना साध रही है।

**केरल में राजकीय शोक घोषित, आज होगा अंतिम संस्कार**

# पूर्व सीएम ओमन चांडी का निधन

एजेंसी | बेंगलुरु/तिरुवनंतपुरम

केरल के मुख्यमंत्री के तौर पर दो बार सेवाएं दे चुके कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ओमन चांडी का मंगलवार तड़के बेंगलुरु में निधन हो गया। वह 79 वर्ष के थे।

चांडी के पुत्र चांडी ओमन ने अपने फेसबुक पेज पर एक पोस्ट के जरिए अपने पिता के निधन की जानकारी दी। उन्होंने अपने फेसबुक पेज पर लिखा, ''अप्पा का निधन हो गया। ओमन चांडी पिछले कुछ समय से बीमार थे और बेंगलुरु के एक अस्पताल में भर्ती थे। केरल विधानसभा में विपक्ष के नेता वी डी सतीसन ने बताया कि चांडी का अंतिम संस्कार गुरुवार दोपहर को कोट्टायम के निकट पुथुपल्ली गिरजाघर में किया जाएगा। केरल सरकार ने पूर्व मुख्यमंत्री के सम्मान में मंगलवार को सार्वजनिक अवकाश और दो दिवसीय शोक की घोषणा की है। कांग्रेस के सूत्रों ने बताया कि ओमन चांडी कैंसर से पीड़ित थे और उनका एक निजी अस्पताल में तड़के चार बजकर 25 मिनट पर निधन हो गया।



### ईडी के सामने पेश हुए मंत्री पोनमुडी

**चेन्नई।** तमिलनाडु के उच्च शिक्षा मंत्री के. पोनमुडी और उनके बेटे कथित अवैध रेत खनन से जुड़े धन शोधन मामले में पूछताछ के दूसरे दिन प्रवर्तन निदेशालय के सामने पेश हुए। केंद्रीय एजेंसी ने 17 जुलाई को द्रमुक नेता एवं उनके सांसद बेटे गौतम सिगमणि के परिसरों पर लगभग 10 घंटे तक तलाशी ली थी। दोनों पूछताछ के लिए सोमवार को भी ईडी के समक्ष पेश हुए थे और मंगलवार तड़के ईडी कार्यालय से बाहर निकले थे। एजेंसी ने इन दोनों को पूछताछ के लिए दिन में एक बार फिर बुलाया था।

### कांग्रेस का विरोध प्रदर्शन



*__सोलापुर।__ भाजपा नेता किरीट सोमैया का एक आपत्तिजनक वीडियो वायरल होने पर मंगलवार को महाराष्ट्र के सोलापुर में उनके खिलाफ प्रदर्शन करते कांग्रेस कार्यकर्ता।*

**राज्यसभा की कार्यवाही**

# तीन सत्रों में सांसदों के चौदह प्रतिशत प्रश्न अस्वीकृत

एजेंसी | नई दिल्ली

पिछले एक वर्ष में संसद के तीन सत्रों के दौरान राज्यसभा में प्रश्नकाल में उठाने के लिए भेजे गए सांसदों के प्रश्नों में से औसतन करीब 14 प्रतिशत सवालों को अस्वीकार कर दिया गया। राज्यसभा सचिवालय द्वारा संकलित आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। उच्च सदन के 259वें, 258वें और 257वें सत्र में पूछने के लिए सचिवालय को राज्यसभा सदस्यों के 27,503 प्रश्न प्राप्त हुए जिसमें से 3949 प्रश्न अस्वीकार कर दिये गए। राज्यसभा सचिवालय के आंकड़ों के अनुसार, पिछले तीन सत्रों के दौरान प्रधानमंत्री संबंधी विभाग से जुड़े 36 प्रश्नों के नोटिस प्राप्त हुए जिसमें से 32 प्रश्न अस्वीकार कर दिए गए और 4 प्रश्नों की मियाद खत्म (लैप्स) हो गई। इस अवधि में राज्यसभा सचिवालय को गृह मंत्रालय से संबंधित सदस्यों के 1400 प्रश्नों के नोटिस प्राप्त हुए जिसमें से 530 अस्वीकृत हुए। पिछले तीन सत्रों के दौरान राज्यसभा सदस्यों के रक्षा मंत्रालय से संबंधित 759 प्रश्नों में से 310 अस्वीकार किए गए, जबकि सांसदों के वित्त मंत्रालय से जुड़े 1409 प्रश्नों में से 233 प्रश्न अस्वीकृत हुए। उच्च सदन में उठाने के लिए सांसदों के शिक्षा मंत्रालय से जुड़े 1255 प्रश्नों में 104 सवाल मंजूर नहीं हुए और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय से संबंधित 1284 प्रश्नों में से 121 सवाल अस्वीकार कर दिये गए। राज्यसभा सचिवालय के आंकड़ों से स्पष्ट होता है कि पिछले तीन सत्रों में सांसदों के कृषि मंत्रालय, श्रम मंत्रालय और विदेश मंत्रालय से संबंधित क्रमशः 1265, 671 और 520 प्रश्न प्राप्त हुए जिसमें से 177, 102 और 104 प्रश्न अस्वीकार कर दिये गए।



### हिंदी में मिले 4763 सवाल पूछने के नोटिस

पिछले तीन सत्रों के दौरान उच्च सदन में हिन्दी में प्रश्न पूछने के लिए सदस्यों के 4763 सवालों के नोटिस प्राप्त हुए। राज्यसभा के कामकाज की प्रक्रिया एवं कार्य संचालन नियमों के अनुरूप नियम 47-50 के तहत प्रश्नों को पूछे जाने के लिए स्वीकार किये जाते हैं।

### प्रश्नों के लिए यह होती है शर्त: 100 शब्दों से अधिक का न हो

राज्यसभा की प्रक्रिया और कार्य संचालन नियम 47 (2) के तहत प्रश्न पूछे जाने की शर्त के तहत तय होते हैं। इसके तहत सामान्यतः प्रश्न 100 शब्दों से अधिक का नहीं होगा। ऐसे में सदस्य ई नोटिस पोर्टल पर प्रश्नों की सूचनाएं प्रस्तुत करते समय अपने पाठ की शब्द संख्या को देख सकते हैं। यदि प्रश्न के पाठ में शब्दों की संख्या 100 से अधिक हो जाती है तब पोर्टल जानकारी देता और सदस्यों के पास पाठ को संशोधित करने का विकल्प होता है। इसके अनुसार, ऐसा देखा गया है कि कभी कभी प्रश्नों की सूचनाएं मंत्रालय/विभाग को संबोधित नहीं की जाती हैं। यदि कोई प्रश्न गलती से ऐसे मंत्री को संबोधित किया गया हो, जो उस प्रश्न की विषय वस्तु के लिए उत्तरदायी नहीं हो तब इसे संबंधित मंत्रालय को हस्तांतरित किया जायेगा।

**मानहानि मामला**

# राहुल की याचिका पर 21 जुलाई को सुनवाई

एजेंसी | नई दिल्ली



उच्चतम न्यायालय गुजरात उच्च न्यायालय के सात जुलाई के उस फैसले को चुनौती देने वाली कांग्रेस नेता राहुल गांधी की याचिका पर 21 जुलाई को सुनवाई करेगा, जिसमें मोदी उपनाम संबंधी टिप्पणी से जुड़े मानहानि मामले में गांधी की दोषसिद्धि पर रोक लगाने का अनुरोध करने वाली याचिका खारिज कर दी गई थी। गांधी की ओर से पेश हुए वरिष्ठ वकील अभिषेक सिंघवी ने याचिका को 21 जुलाई या 24 जुलाई को सूचीबद्ध किए जाने का अनुरोध किया जिसके बाद मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायाधीश पी एस नरसिम्हा एवं न्यायाधीश मनोज मिश्रा की पीठ याचिका पर सुनवाई के लिए सहमत हो गई। गांधी ने 15 जुलाई को उच्चतम न्यायालय में दायर अपनी याचिका में कहा है कि यदि सात जुलाई के आदेश पर रोक नहीं लगाई गई तो इससे स्वतंत्र भाषण, स्वतंत्र अभिव्यक्ति, स्वतंत्र विचार और स्वतंत्र वक्तव्य का दम घुट जाएगा।

## जरूरी खबर

### सीमा हैदर और सचिन से दूसरे दिन भी पूछताछ



**नोएडा।** उत्तर प्रदेश पुलिस के आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) ने मंगलवार को पाकिस्तानी नागरिक सीमा हैदर से लगातार दूसरे दिन पूछताछ की। एक पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी। स्थानीय पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि एटीएस सीमा के साथी सचिन को भी पूछताछ के लिए अपने साथ ले गई है।अधिकारी ने बताया कि दोनों को सुबह करीब आठ बजे ग्रेटर नोएडा के रबूपुरा इलाके में उनके आवास से लेकर नोएडा में एटीएस यूनिट कार्यालय लाया गया, जहां शाम तक पूछताछ जारी रही। यूपी एटीएस ने पहली बार सोमवार को सीमा और सचिन से नोएडा स्थित अपने कार्यालय में पूछताछ की थी और रात साढ़े दस बजे दोनों को घर भेज दिया था।

### प्रचार के लिए समय का आवंटन ऑनलाइन होगा




**नई दिल्ली।** राजनीतिक दलों को आकाशवाणी और दूरदर्शन पर प्रचार के लिए समय का आवंटन अब ऑनलाइन किया जाएगा। निर्वाचन आयोग ने राजनीतिक दलों द्वारा सरकारी स्वामित्व वाले इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के उपयोग की मौजूदा व्यवस्था में संशोधन किया है। निर्वाचन आयोग ने कहा कि सूचना प्रौद्योगिकी मंच के माध्यम से 'डिजिटल एयर टाइम वाउचर' जारी करने का प्रावधान शुरू करके ऐसा किया गया है। अब, राजनीतिक दलों को चुनाव के दौरान अपने प्रतिनिधियों को निर्वाचन आयोग या राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों के कार्यालयों में भेजने की आवश्यकता नहीं होगी।

### एससी आयोग के अध्यक्ष सांपला ने दिया इस्तीफा

**नई दिल्ली।** ऐसा माना जा रहा है कि राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष विजय सांपला ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्हें आगामी चुनावों में भाजपा में संगठनात्मक जिम्मेदारी दिए जाने की संभावना है। सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। सांपला 2021 से एनसीएससी अध्यक्ष का कार्यभार संभाल रहे हैं। सूत्रों ने कहा कि उन्होंने अपना इस्तीफा दे दिया है, क्योंकि उन्हें आगामी चुनावों के लिए भाजपा में संगठन से संबंधित जिम्मेदारी दिए जाने की उम्मीद है। सांपला पंजाब से प्रमुख दलित चेहरा हैं।

## गठबंधनों की गर्जना... अपने-अपने सुर... अपनी-अपनी ताल




*बेंगलुरु। विपक्षी दलों की बेंगलुरु में बैठक के बाद संवाददाता सम्मेलन में विपक्ष के विभिन्न दलों के नेता।*




*नई दिल्ली। राजग की बैठक में पहुंचने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्वागत करते घटक दलों के नेता।*

# चुनाव क्षेत्रे: आर-पार के लिए सज गए मोर्चे

## लड़ाई मोदी व 'इंडिया' में, जीतेगा कौन बताने की जरूरत नहीं: राहुल

एजेंसी | बेंगलुरु



कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने विपक्षी दलों के नए गठबंधन के नाम 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव एलायंस (इंडिया)' का उल्लेख करते हुए मंगलवार को कहा कि अब लड़ाई 'इंडिया और नरेन्द्र मोदी' के बीच है और यह बताने की जरूरत नहीं है कि जीत किसकी होगी। विपक्ष के 26 दलों की बैठक के बाद राहुल गांधी ने यहां संवाददाताओं से कहा, जब हम चर्चा कर रहे थे, तो हमने खुद से ये सवाल पूछा कि लड़ाई किसके बीच है। यह लड़ाई विपक्ष और भाजपा के बीच नहीं है। देश की आवाज को दबाया और कुचला जा रहा है। यह देश की आवाज के लिए लड़ाई है। इसीलिए यह 'इंडिया' नाम चुना गया।

उन्होंने कहा, हमने तय किया है कि एक कार्य योजना तैयार करेंगे, जहां हम अपनी विचारधारा और देश के लिए जो करने जा रहे हैं, उसके बारे में बताया जाएगा।



### इंडिया ही जीतेगा, BJP हारेगी: ममता

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने गठबंधन के नाम का उल्लेख करते हुए सवाल किया कि भाजपा और राजग, क्या आप लोग 'इंडिया' को चुनौती दे सकते हैं? उन्होंने दावा किया, आगामी लोकसभा चुनाव में 'इंडिया' जीतेगा, भाजपा हारेगी।



### देश को बचाने को एकत्र हुए: केजरीवाल

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा, हम देश को बचाने और नए भारत को बनाने के लिए एकत्र हुए हैं। उन्होंने दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार में पिछले नौ वर्षों के दौरान हर क्षेत्र में बर्बादी हुई है।



### यह देश ही हमारा परिवार: उद्धव ठाकरे

शिवसेना (यूबीटी) के अध्यक्ष उद्धव ठाकरे ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के एक बयान का परोक्ष रूप से हवाला देते हुए कहा, कुछ लोगों को लग रहा है कि हम परिवार के लिए लड़ रहे हैं, हां यह देश हमारा परिवार है और हम देश को बचाने के लिए लड़ रहे हैं।

**बैठक में ये नेता थे मौजूद**

बैठक में कांग्रेस से सोनिया गांधी, मल्लिकार्जुन खरगे, राहुल गांधी, राकांपा प्रमुख शरद पवार, तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख ममता बनर्जी, जनता दल (यू) के शीर्ष नेता नीतीश कुमार, द्रमुक सुप्रीमो एम.के. स्टालिन, राजद प्रमुख लालू यादव, शिवसेना (यूबीटी) के प्रमुख उद्धव ठाकरे, झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता हेमंत सोरेन, आप के नेता अरविंद केजरीवाल, सपा प्रमुख अखिलेश यादव और कुछ अन्य नेता इस बैठक में शामिल हुए।

## 'नकारात्मकता' के साथ बने गठबंधन कभी सफल नहीं हो पाए: पीएम मोदी

एजेंसी | नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए कहा कि जो भी गठबंधन 'नकारात्मकता' के साथ बने वह कभी सफल नहीं हो पाए। उन्होंने कहा कि राजग का गठन देश में राजनीतिक स्थिरता लाने के लिए हुआ था। राजग के नेताओं की यहां एक बैठक में मोदी ने कहा, जब गठबंधन सत्ता की मजबूरी का हो, जब गठबंधन भ्रष्टाचार की नीयत से हो, जब गठबंधन परिवारवाद की नीति पर आधारित हो, जब गठबंधन जातिवाद और क्षेत्रवाद को ध्यान में रखकर किया गया हो तो ऐसा गठबंधन देश का बहुत नुकसान करता है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि केंद्र का राजग समय की कसौटी पर खरा उतरा है, जो राष्ट्रीय प्रगति को आगे बढ़ाना चाहता है और क्षेत्रीय आकांक्षाओं को पूरा करना चाहता है। प्रधानमंत्री मोदी ने एक ट्वीट में यह बात कही।



### मोदी ने राजग को ऐसे किया परिभाषित

पीएम मोदी ने कहा कि 'नेशनल डेमोक्रेटिक एलायंस (राजग) में एन का अर्थ 'न्यू इंडिया', डी का अर्थ 'डेवलप्ड नेशन' और ए का अर्थ है 'लोगों की आकांक्षा'। आज युवा, महिलाएं, मध्यम वर्ग, दलित और वंचित लोग राजग पर भरोसा करते हैं।"

### पीएम ने इन नेताओं को किया याद

प्रधानमंत्री ने कहा कि प्रकाश सिंह बादल, बालासाहब ठाकरे, अजित सिंह, शरद यादव जैसे नेताओं ने राजग को आकार देने में योगदान दिया। राजग अटल बिहारी वाजपेयी की विरासत है, लालकृष्ण आडवाणी ने भी इसको आकार देने में अहम भूमिका निभाई ।

### चुनाव की लड़ाई भारत माता बनाम इंडिया

**नई दिल्ली।** भाजपा और उसके राजग सहयोगियों ने मंगलवार को विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए दावा किया कि उनके गठबंधन को नया नाम देने से उनका चरित्र नहीं बदलेगा और 2024 के लोकसभा चुनाव की लड़ाई 'भारत माता बनाम इंडिया" होने जा रही है। वे 26 विपक्षी दलों द्वारा 2024 के लोकसभा चुनावों में एकजुट होकर सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) से मुकाबला करने के लिए गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव एलायंस (इंडिया)' की घोषणा के बाद प्रतिक्रिया व्यक्त कर रहे थे, जिसमें कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा है कि लड़ाई "इंडिया और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बीच होगी। भाजपा के आईटी विभाग के प्रमुख अमित मालवीय ने कहा कि विपक्षी दलों के संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) को अपना अस्तित्व खत्म करना होगा और एक नई पहचान हासिल करनी होगी, भले ही जो लोग इस नए गठबंधन का हिस्सा हैं, वे नहीं बदले हैं।

### ये पार्टियां थी बैठक में मौजूद

सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक इस बैठक में भाजपा के अलावा, शिवसेना (शिंदे), राकांपा(अजित पवार), राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी (पशुपति कुमार पारस),अन्नाद्रमुक, अपना दल (सोनेलाल), नेशनल पीपुल्स पार्टी, नेशनलिस्ट डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव पार्टी, ऑल झारखंड स्टूडेंट्स यूनियन, सिक्किम क्रांतिकारी मोर्चा, मिज़ो नेशनल फ्रंट, इंडिजिनस पीपुल्स फ्रंट ऑफ त्रिपुरा, नगा पीपुल्स फ्रंट और रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (अठावले) के नेता शामिल हुए। इनके अलावा, असम गण परिषद, पट्टली मक्कल काची (अंबुमणि रामदास), तमिल मनीला कांग्रेस, असम की यूनाइटेड पीपुल्स पार्टी लिबरल, सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी, शिरोमणि अकाली दल (संयुक्त), राष्ट्रवादी गोमांतक पार्टी, हरियाणा की जननायक जनता पार्टी, प्रहार जनशक्ति पार्टी, राष्ट्रीय समाज पक्ष, महाराष्ट्र की जन सुराज्य शक्ति पार्टी, मणिपुर की कुकी पीपुल्स अलायंस, मेघालय की यूनाइटेड डेमोक्रेटिक पार्टी और हिल स्टेट पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी, निषाद पार्टी, पुडुचेरी की ऑल इंडिया एनआर कांग्रेस, हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा (सेक्यूलर), जन सेना पार्टी, हरियाणा लोकहित पार्टी, भारत धर्म जन सेना, केरल कामराज कांग्रेस, पुठिया तमिलागम पार्टी, लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) और गोरखा नेशनल लिबरेशन फ्रंट के नेता भी बैठक में शामिल हुए।

**जम्मू कश्मीर में सेना का ऑपरेशन त्रिनेत्र**

## सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में 4 आतंकी ढेर

एजेंसी | जम्मू



जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में मंगलवार को चार आतंकवादियों की मौत हो गई। अधिकारियों ने बताया कि सेना और पुलिस ने सोमवार रात सुरनकोट के सिंधरा टॉप इलाके में एक संयुक्त अभियान चलाया, जिसके बाद मुठभेड़ छिड़ गई। जम्मू क्षेत्र के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक मुकेश सिंह ने बताया कि मंगलवार तड़के करीब पांच बजे मुठभेड़ फिर से शुरू हुई, जिसमें चार आतंकवादी मारे गए। 'व्हाइट नाइट कॉर्प्स' ने ट्वीट किया, 'ऑपरेशन त्रिनेत्र द्वितीय। खुफिया जानकारी के आधार पर घेराबंदी की गई और बड़ा तलाश अभियान चलाया गया। इस दौरान चार एके-47 राइफल, दो पिस्तौल और अन्य सामग्री भी बरामद की गई।

### राज्य जांच एजेंसी के कई जगह छापे

आतंकवाद से जुड़े मामले में राज्य जांच एजेंसी मंगलवार को दक्षिण कश्मीर में कई जगहों पर छापेमारी कर रही है। अधिकारियों ने बताया कि अनंतनाग और शोपियां जिले में कई ठिकानों पर तलाशी ली जा रही है।

**गोवंश के वध पर पाबंदी लगाने के निर्देश से इनकार**

## विधायिका करे फैसला: सुप्रीम कोर्ट

एजेंसी | नई दिल्ली



सुप्रीम कोर्ट ने गोवंश का वध करने पर पाबंदी लगाने का निर्देश जारी करने से इनकार कर दिया और कहा कि सक्षम विधायिका इस पर निर्णय ले। अदालत उन्हें कोई विशेष कानून बनाने के लिए मजबूर नहीं कर सकती। न्यायालय ने कहा कि जहां तक पशुओं की गंभीर रूप से विलुप्तप्राय स्वदेशी नस्लों को बचाने और उनकी संरक्षा के लिए की गई याचना का संबंध है, तो अपीलकर्ता संबंधित राज्य सरकारों के समक्ष अभ्यावेदन दे सकते हैं। पीठ ने अगस्त, 2018 के राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) के आदेश के खिलाफ एक अपील पर सुनवाई के दौरान यह आदेश दिया।

### यह कहा था NGT ने

एनजीटी ने उस आवेदन पर यह आदेश पारित किया था जिसमें कई दिशा-निर्देश मांगे गए थे। इसमें गंभीर रूप से लुप्तप्राय स्वदेशी प्रजातियों को बचाने, उन्हें संरक्षित करने के लिए तत्काल कदम उठाने और यह भी सुनिश्चित करने की बात शामिल थी कि स्वदेशी नस्ल के दुधारू मवेशियों का वध ना किया जाए। शीर्ष अदालत ने पाया कि एनजीटी ने राष्ट्रीय पशुधन नीति-2013 का उल्लेख किया था ।

**विपक्ष व राजग की बैठकों को लेकर सियासी घमासान**

# आप का BJP पर निशाना: ईडी के सौजन्य से राजग के 38 दल आए साथ

एजेंसी | नई दिल्ली

बेंगलुरु में विपक्षी दलों की बैठक और नई दिल्ली में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की बैठक को लेकर विपक्षी दलों और केंद्र में सत्तारूढ़ गठबंधन में शामिल दलों के के बीच सियासी घमासान जारी है। इन्होंने एक दूसरे पर सियासी प्रहार किए हैं।

आम आदमी पार्टी ने नई दिल्ली की बैठक से पहले भाजपा पर निशाना साधते हुए मंगलवार को आरोप लगाया कि सत्तारूढ़ दल के गठबंधन सहयोगी ईडी (प्रवर्तन निदेशालय) के सौजन्य से साथ आए। 'आप' नेता और राज्यसभा सदस्य राघव चड्ढा ने राजग पर निशाना साधते हुए कहा, 38 दलों का राजग। प्रवर्तन निदेशालय के सौजन्य से आपके लिए पेश। ज्ञात हो कि भाजपा के अध्यक्ष जे पी नड्डा ने सोमवार को कहा था कि राजग की बैठक में भाग लेने की 38 दलों ने पुष्टि की है।



### बेंगलुरु में लगे नीतीश के पोस्टर, किया कटाक्ष

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु में विपक्षी दलों की मंगलवार को हुई बैठक से पहले एक मुख्य मार्ग पर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर निशाना साधने वाले पोस्टर नजर आए, जिनमें राज्य में सुल्तानगंज पुल के ढहने की घटना के लिए उन्हें जिम्मेदार ठहराया गया है। विपक्षी दलों की बैठक के स्थल से कुछ ही दूरी पर स्थित 'चालुक्य सर्कल' पर लगाए गए इन पोस्टर के बारे में जानकारी मिलते ही पुलिस हरकत में आ गई। एक पोस्टर पर लिखा था, बिहार के मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार का स्वागत है। नीतीश कुमार का बिहार को दिया गया तोहफा सुल्तानगंज पुल ढहता रहता है। बिहार में उनके शासन में पुल टिक नहीं पा रहे और 'विपक्षी दल' अपने अभियान के नेतृत्व के लिए उन पर भरोसा कर रहे। एक अन्य पोस्टर पर लिखा था, प्रधानमंत्री पद के अस्थिर दावेदार। बेंगलुरु में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के लिए लाल कालीन बिछा दी गई है। सुल्तानगंज पुल पहली बार गिरने की तिथि अप्रैल 2022 है। सुल्तानगंज पुल ढहने की दूसरी घटना जून 2023 की है।" पुलिस ने यह पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी है कि ये पोस्टर किसने लगाए।



### संयोजक नहीं बनाने से नाराज हुए नीतीश: सुशील

**पटना।** भाजपा के वरिष्ठ नेता सुशील कुमार मोदी ने मंगलवार को दावा किया कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुरमार बेंगलुरु में विपक्ष की बैठक से जल्दी लौट आये क्योंकि वह नए गठबंधन का संयोजक नहीं बनाये जाने से नाराज थे। वहीं, नीतीश की पार्टी जनता दल यूनाइटेड (जदयू) ने पलटवार करते हुए पूर्व उपमुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी को ऐसा व्यक्ति करार दिया जो हास्यास्पद बयान देता है और जिसे उनकी पार्टी के भीतर भी गंभीरता से नहीं लिया जाता है। यहां जारी एक बयान में, भाजपा नेता ने दावा किया कि नतीश जानबूझकर बैठक के बाद आयोजित संवाददाता सम्मेलन में शामिल नहीं हुए क्योंकि वह 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव एलायंस' (इंडिया) का 'संयोजक' नहीं बनाए जाने से अपमानित महसूस कर रहे थे।उन्होंने दावा किया कि बेंगलुरु में नीतीश विरोधी पोस्टर भी लगाये गए थे।



### राजग बिहार की सभी 40 सीट जीतेगा: चिराग

**नई दिल्ली।** लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के नेता चिराग पासवान ने कहा कि उनकी पार्टी अपनी 'चिंताओं' पर भाजपा के साथ सकारात्मक चर्चा के बाद राजग में शामिल हुई है। 2024 के लोकसभा चुनावों में राजग बिहार में सभी 40 सीटें जीतेगा। चिराग ने कहा,उनकी चिंताओं का सकारात्मक समाधान किया है।

## जेकेके में शुरू हुई राजस्थान संगीत नाटक अकादमी जोधपुर की मंच पार्श्व कार्यशाला

# रंगकर्मी सीखेंगे प्रभावी प्रस्तुति के गुर





**बेधड़क | जयपुर**

रंगमंच के प्रणेता देवेंद्र राज अंकुर व मंच प्रबंधन विशेषज्ञ सात्विका कंठामनेनी के सानिध्य में रंगकर्मी समग्र रूप से मंच प्रबंधन, दृश्य विधान, मंच सज्जा, वस्त्र विन्यास से जुड़े जरूरी पहलुओं को जानेंगे।

राजस्थान संगीत नाटक अकादमी जोधपुर की ओर से आयोजित प्रदेश की पहली मंच पार्श्व कार्यशाला की मंगलवार को जवाहर कला केन्द्र में शुरू हुई। केन्द्र ने कला संसार के तहत कार्यशाला में सहभागिता निभाई। 6 दिवसीय कार्यशाला 23 जुलाई तक जारी रहेगी। प्रदेश भर से 300 आवेदकों में से 33 प्रतिभागियों का कार्यशाला के लिए चयन किया गया है।

### थिएटर केवल अभिनय नहीं

देवेंद्र राज ने बताया कि थिएटर केवल अभिनय का नाम नहीं है। पार्श्व मंच से जुड़ी हर गतिविधि इसका अभिन्न अंग है। रंगकर्मी को चाहिए कि अभिनय या निर्देशन के साथ मंच प्रबंधन, प्रकाश व्यवस्था, दृश्य विधान, मंच सज्जा, वस्त्र विन्यास की बारीकियों पर ध्यान दें। नाटक के प्रभावी मंचन के लिए इन सभी का सही समायोजन जरूरी है। उन्होंने बताया कि कार्यशाला के दौरान मंच पार्श्व की पृष्ठभूमि और नाटक में उसकी भूमिका पर प्रकाश डालेंगे। कार्यशाला के लिए अकादमी सदस्य गगन मिश्रा को संयोजक व अभिषेक मुद्गल को समन्वयक बनाया गया है।

### ये हुए शामिल

कार्यशाला का उद्घाटन राज्य मेला प्राधिकरण उपाध्यक्ष राज्यमंत्री रमेश बोराणा ने किया। संगीत नाटक अकादमी अध्यक्ष बिनाका जेश मालू ने स्वागत उद्बोधन देते हुए कार्यशाला की उपयोगिता बताई। संस्कृत अकादमी अध्यक्ष सरोज कोचर, ललित कला अकादमी अध्यक्ष लक्ष्मण व्यास, जवाहर कला केन्द्र की अतिरिक्त महानिदेशक प्रियंका जोधावत व कला मर्मज्ञ मौजूद रहे। सभी महानुभावों ने प्रतिभागियों की हौसला अफजाई की। रमेश बोराणा ने कहा कि थिएटर सभी कलात्मक विधाओं का संयोजित रूप है। प्रभावी नाट्य प्रस्तुति के लिए मंच पार्श्व से जुड़ी विधाओं को जानना रंगकर्मियों के लिए जरूरी है। देवेंद्र राज अंकुर जैसे विशेषज्ञों के सानिध्य में कार्यशाला से राज्य के कलाकारों को नई दृष्टि व सोच मिलेगी। बोराणा ने कहा कि राज्य में कला संस्कृति का यह स्वर्णिम काल है। इसके लिए करोड़ों रुपयों का प्रावधान किया है। अकादमी द्वारा प्रदेश में विभिन्न विषयों पर अलग-अलग प्रशिक्षण शिविर व कार्यशालाएं की जा रही हैं, लेकिन समग्र रूप से मंच प्रबंधन, दृश्य विधान, मंच सज्जा, वस्त्र विन्यास पर प्रभावी कार्य की महता को दृष्टिगत रखते हुए यह कार्यशाला आयोजित की जा रही है। सुश्री प्रियंका जोधावत ने बताया कि हर रचनात्मक विधा की महत्ता को ध्यान में रखकर केन्द्र कलाकारों को अनुकूल माहौल उपलब्ध करा रहा है। इस अवसर पर मांड गायिकी की प्रस्तुति दी गई।

## DMPL2 की ट्रॉफी का अनावरण



**बेधड़क. जयपुर।** मेडिकोज सोशल एंड वेलफेयर सोसायटी के तत्वाधान में 21 से 23 जुलाई तक चिकित्सकों के लिए होने जा रही गायन प्रतियोगिता डीएमपीएल की ट्रॉफी का अनावरण एसबीआई के सी स्कीम स्थित मुख्यालय में किया गया। ट्रॉफी का अनावरण एसबीआई के जयपुर मंडल के मुख्य महाप्रबंधक राजेश कुमार मिश्रा द्वारा किया गया। इस अवसर पर एसबीआई के महाप्रबंधक प्रभात कुमार मिश्रा, हेमंत करौलिया, चंद्रभूषण कुमार सिंह, उप महाप्रबंधक कल्याण गजवेली, अजय कुमार गुप्ता, डीएमपीएल के आयोजन अध्यक्ष डॉ. संजीव गुप्ता, आयोजन सचिव डॉ. अनिल यादव व चीफ कॉर्डिनेटर डॉ. हरीश भारद्वाज उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में आठ फ्रेंचाइजी-हॉस्पिटल्स अपनी-अपनी टीमों के साथ ट्रॉफी जीतने की दावेदारी पेश करेंगे।

## डामर सड़क का लोकार्पण



**बेधड़क. जयपुर।** मालवीय नगर विधायक कालीचरण सराफ ने वार्ड 128, महावीर नगर सेंट्रल बैंक वाली गली में पीडब्ल्यूडी द्वारा निर्मित डामर सड़क का रिबिन काटकर लोकार्पण किया। वार्ड अध्यक्ष सुधीर सोनी ने बताया कि महावीर गली में सड़क टूटी हुई थी, स्थानीय लोगों की मांग पर सराफ के प्रयास से पीडब्ल्यूडी के द्वारा 14 लाख 57 हजार रुपए की लागत से इस डामर सड़क का नवीनीकरण करवाया गया है। इस मौके पर स्थानीय लोगों एवं विकास समिति के पदाधिकारियों ने सराफ का स्वागत किया। इस अवसर पर नगर निगम ग्रेटर उपमहापौर पुनीत कर्णावट, मंडल उपाध्यक्ष प्रकाश मेड़तवाल, संदीप सोगानी, दिनेश अग्रवाल, जयकिशन जेठमलानी, नरपत चंद्र सिंघवी, सुरेश हंसराजानी, अर्जुनलाल कुमावत, बसंत बहार पंचायत अध्यक्ष करण सेवानी एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

## फ्रांस में छाई प्रदेश की कला



**बेधड़क, जयपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की फ्रांस यात्रा के सिलसिले में भारतीय कलाकारों द्वारा नमस्ते फ्रांस कार्यक्रम के तहत पेरिस में लगाई गई हस्तशिल्प कला प्रदर्शनी में राजस्थान की थेवा कला भी चमकी। भारतीय दूतावास व भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय की ओर से आयोजित कार्यक्रम में शहर संगठन के माध्यम से भारत के 20 हस्तशिल्प कारीगरों को फ्रांस में हुनर दिखाने का मौका मिला। इनमें से दक्षिणी राजस्थान के प्रतापगढ़ जिले के युवा थेवा कलाकार राघव राज सोनी ने कला का प्रदर्शन किया। राज सोनी ने बताया कि थेवा कला को दूतावास में कार्यरत अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ स्थानीय लोगों ने सराहा।

## शर्मा संयुक्त सचिव नियुक्त



**बेधड़क, जयपुर।** प्रभात कुमार शर्मा को राजस्थान ब्राह्मण महासभा का प्रदेश संयुक्त सचिव बनाया गया है। राजस्थान ब्राह्मण महासभा के अध्यक्ष डॉ. राधेश्याम जैमिनी की ओर से प्रदेश कार्यकारिणी की घोषणा की गई है। इसमें जौहरी बाजार इकाई निवासी समाजसेवी प्रभात कुमार शर्मा को नियुक्ति दी गई है।

# City इवेंट्स

## यात्रा दल ने किए मंदिरों में दर्शन



**बेधड़क, जयपुर।** श्रीदिगम्बर जैन पद यात्रा संघ के तत्वावधान में आयोजित बुन्देलखण्ड यात्रा दल ने मंदिरों के सामूहिक दर्शन अभिषेक, शांतिधारा के बाद सामूहिक पूजा की। इस मौके पर यात्रियों द्वारा भजनों व नृत्य किए गए। संयोजक विनोद जैन कोटखावदा ने बताया कि दल ने भुसावर में मुनि युधिष्ठिर सागर महाराज से आशीर्वाद लिया। सोनागिरजी से रवाना होकर करगुंवाजी के दर्शन लाभ कर सिद्ध क्षेत्र पावागिरिजी पहुंचे। मुख्य संयोजक अमर चंद दीवान खोराबीसल ने बताया कि बुधवार को दल नैनागिरी, बंडा नेमगिरी, गढ़ा कोटा होता हुआ कुण्डलपुर पहुचेगा। वहां पर्वत वन्दना करते हुए बड़े बाबा आदिनाथ के दर्शन लाभ, अभिषेक, शांतिधारा, पूजा अर्चना की जाएगी। गुरुवार को रेहली पटना गंज,बीना बारहा, ललितपुर व शुक्रवार को देवगढ, चन्देरी, खण्डार गिरी गोलाकोट जाएंगे।

## खाटू दर्शन के लिए फ्री बस आज

**बेधड़क, जयपुर।** जयपुर के चुनिंदा लोगों को खाटू श्याम के नि:शुल्क दर्शन कराए जाएंगे। इसके लिए जयपुर के युवा मनीष ने पहल करते हुए भक्तों को खाटू की यात्रा कराई और अब बुधवार को चौथी नि:शुल्क बस सेवा का संचालन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि शाम 4 बजे न्यू सांगानेर रोड श्याम नगर मेट्रो स्टेशन के पास से बस रवाना होगी, जो खाटू पहुंचकर भक्तों को दर्शन कराएगी। वहां भोजन प्रसादी की व्यवस्था भी की जाएगी। गौरतलब है कि उन्होंने किसी संस्था को साथ नहीं जोड़ते हुए लोगों को फ्री बस द्वारा खाटू श्याम ले जाने की व्यवस्था की है। पहली बस 19 अप्रैल को रवाना हुई थी।

## लघु चित्रण चित्रकार करेंगे नया प्रयोग

**बेधड़क, जयपुर।** कलावृत संस्था व राजस्थान स्कूल ऑफ आर्ट की ओर से कला गुरु डॉ. सुमहेन्द्र की स्मृति में लघु चित्रण में नव प्रयोग किया जाएगा। इसमें चित्रकार वरिष्ठ चित्रकारों के सानिध्य में स्वयं का पोर्ट्रेट बनाएंगे। वरिष्ठ चित्रकारों में कैलाश शर्मा, राम सिंह, शिव शंकर शर्मा, महेश राज, गौरी शंकर शर्मा, मोहन कुमार प्रजापत, सावित्री शर्मा, उर्मिला शर्मा तथा युवा व विद्यार्थियों में वसुधा सहाय, दीपांजलि, मनीष पॉल, अजित सिंह, गार्गी कुमावत, विष्णु सैनी, पूजा पूरी, अशोक यादव, टीना लालावत, अन्नू चौधरी, नमोकर शर्मा और उन्नति शर्मा सहित 25 चित्रकार अभिव्यक्तिपूर्ण चित्र चित्रित करेंगे। डॉ. सुमहेन्द्र मूर्तिकला के व्याख्याता के रूप में कला शिक्षा देते हुए 2001 में सेवानिवृत्त हुए थे। उनके बनाए शिल्प आज भी आर्ट स्कूल की शोभा बढ़ा रहे हैं, जिनमें रविन्द्र नाथ टैगोर, मदर एंड चाइल्ड और सन 1936 में आर्ट स्कूल में क्ले मॉडलिंग आरंभ करने वाले कलागुरु तारा पदों मित्रा का मूर्ति शिल्प संग्रह है। कलावृत के अध्यक्ष व शिविर संयोजक संदीप सुमहेन्द्र ने बताया कि शिविर से नव आगंतुक कला युवाओं को लघु चित्रण कला शैलियों व तकनीक को देखने और समझने में मदद मिलेगी। चित्रकला के विभागाध्यक्ष पंकज यादव ने कहा कि शिविर में उत्कृष्ट चित्रण के लिए डॉ. सुमहेन्द्र सम्मान व स्मृति चिन्ह प्रदान किया जाएगा।



## श्रीग्वालेश्वर महादेव मंदिर में सहस्त्रघटाभिषेक

# गौ माता के गोबर के 5,500 दीपकों से की गई महाआरती



**बेधड़क | जयपुर**

प्रदेश में खुशहाली, आर्थिक उन्नति, बेहतर फसल उत्पादन, व्यापारिक वृद्धि व निर्यात की कामना के लिए श्रीपिंजरापोल गोशाला के श्रीग्वालेश्वर महादेव मंदिर में हजारों भक्तों ने महादेव का सहस्त्रघटाभिषेक किया। इस दौरान 501 भक्तों ने कतारबद्ध होकर 5500 गाय के गोबर से निर्मित दीपकों से महादेव की महाआरती की। कार्यक्रम संयोजक डॉ. अतुल गुप्ता ने बताया कि सुबह 11 बजे राजस्थान प्रदेश को जैविक राज्य बनाने की कामना को लेकर महादेव का पूजन हुआ।

दोपहर बाद भक्तों ने महादेव का सहस्त्रघटाभिषेक किया। शाम को भोले बाबा के श्रृंगार पश्चात सैकड़ों भक्तों ने महाआरती की। कार्यक्रम में पूर्व महापौर ज्योति खंडेलवाल, सांगानेर विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी पुष्पेंद्र भारद्वाज, समाजसेवी गोपाल शर्मा, राजस्थान हाईकोर्ट बार एसोसिएशन महासचिव बलराम वशिष्ठ, अर्चना शर्मा व राजेंद्र शर्मा सर्वसमाज अध्यक्ष जयपुर आदि शामिल हुए।

## संगीतमय शिवमहापुराण कथा शुरू

**जयपुर।** जयपुर के टोंक रोड दुर्गापुरा झूलेलाल मंदिर के सामने मंगलवार को 9 दिवसीय संगीतमयी शिव महापुराण कथा का कलश यात्रा के साथ शुभारंभ किया गया। कलश यात्रा राधा मोहन मंदिर टोंक रोड से प्रारंभ होकर दक्षिणामुखी टंकी वाले शिव हनुमान मंदिर पानी की टंकी के नीचे पहुंची। इससे पूर्व पंडित प्रशांत शर्मा, दीपक शर्मा, विनोद शर्मा द्वारा गणेश पूजा के साथ शिवमहापुराण ग्रंथ व कलशों की विधिवत पूजा अर्चना करवाई गई। कथा व्यास विष्णु शरण महाराज ने अमृतमयी शिव महापुराण कथा के महात्म्य से श्रद्धालुओं को जीवन का मर्म समझाया। इस दौरान बिशन देवी, राधा गुप्ता, कमलेश गुप्ता, पूर्व पार्षद दुर्गापुरा किरण गुप्ता, बेला गुप्ता, सुनिता गुप्ता, सुलक्ष्णा गुप्ता, सुमित्रा गुप्ता, विजय गुप्ता, रमेश गुप्ता, एसएन गुप्ता, राम गुप्ता, राजेन्द्र गुप्ता, जलदाय विभाग अधीक्षक अभियंता मुकेश गोयल, जितेन्द्र जैन, अनिल शरण बंसल, मनोज मित्तल, द्वारका अग्रवाल, अनुराग बंसल, अंकिता गुप्ता, अनिमा गुप्ता, सरोज गोयल, आभा जैन, सुभाष गुप्ता सहित बड़ी संख्या में श्रदालु मौजूद रहे।

**उपलब्धि** | 28 सितंबर से 6 अक्टूबर तक होने वाली प्रतियोगिता के लिए चयन

# मुयथाई में दमखम दिखाएंगी बस्ती की बालिकाएं

**बेधड़क | जयपुर**

विमुक्ति संस्था की ओर से अशोक क्लब में जनसभा का आयोजन किया गया, जिसमें दो छात्राएं मनीषा पेम और मुस्कान वर्मा का 28 सितंबर से 6 अक्टूबर तक तुर्की में होने वाले विश्व मुयथाई चैम्पियनशिप में चयनित होने की घोषणा की गई। संस्थान चेयरपर्सन शैलेन्द्र अग्रवाल ने बताया कि 11 खिलाड़ियों ने यूनाइटेड मुयथाई एसोसिएशन भारत द्वारा चैन्नई में आयोजित राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा में (25 से 30 मई तक) राजस्थान का प्रतिनिधित्व किया था, जिसमें मनीषा पेम और मुस्कान वर्मा ने स्वर्ण और रजत पदक पर कब्जा जमाया। दोनों को विश्व मुयथाई चैपियनशिप-2023 में नामांकित किया गया। मुयथाई को बॉक्सिंग के रूप में जाना जाता है। इंटरनेशनल ओलंपिक समिति (आईओसी) ने 2021 में टोक्यो में हुई बैठक में मुयथाई और आईएफएमए को पूर्णतः मान्यता दी, जिससे इस खेल को ओलंपिक खेलों में स्वीकृत किया जाए।



### फंड की कर रहे व्यवस्था

संस्थान फाउंडर सेकेट्री लवलीना सोगानी ने बताया कि विश्व मुयथाई चैंपियनशिप को दोनों छात्राओं का समर्थन करने लिए संस्था धन एकत्रित करने के लिए प्रयासरत है। एनजीओ फीडिंग हैंड्स ने दोनों बालिकाओं के लिए पोषक आहार की व्यवस्था की है, जिससे वे उत्कृष्ट प्रदर्शन कर राज्य व देश को गौरवान्वित करने में सक्षम हो। संस्थान की कॅरियर डवलपमेंट प्रोग्राम व प्रोजेक्ट की हैड ईशा स्वरूप ने बताया कि यूएसए एजु गर्ल्स के सहयोग से झुग्गी बस्तियों में रहने वाली बालिकाओं को सपोर्ट किया जा रहा है। इन बालिकाओं को उच्च गुणवत्ता वाली मुफ्त शिक्षा व कॅरियर विकास के अवसर प्रदान करके उन्हें आर्थिक रूप से सक्षम व स्वावलंबी बनाने का उद्देश्य लेकर प्रयास हो रहे हैं। इसकी प्रमुख परियोजना 'उड़ान' के तहत 50 छात्राएं मुयथाई का प्रशिक्षण ले रही हैं। नरेश ठकराल आई ए एस स्पोर्ट्स सेकेट्री ने कहा कि खुशी की बात है। लड़कियां खेलों के माध्यम से इतना नाम कर रही हैं।




या तो परिस्थिति को स्वीकार करो या परिस्थिति बदलने की जिम्मेदारी लो।

**विनायक शर्मा,** फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप


# पोलैंड: विमान हादसे में 5 की मौत

**एजेंसी** | वॉरसॉ

पोलैंड में सोमवार को खराब मौसम के चलते एक सेसना 208 विमान 'स्काई डाइविंग' केंद्र में बने हैंगर (विमानों के रखने का स्थान) में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। घटना में पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि आठ अन्य घायल हो गए। दमकल विभाग की प्रवक्ता मोनिका नोवाकोवस्का-ब्रिंडा ने बताया कि तूफानी मौसम के कारण विमान के पायलट और चार अन्य लोगों ने हैंगर में शरण ले रखी थी, लेकिन मध्य पोलैंड के क्रिसिनो में दोपहर के वक्त हुई दुर्घटना में इन सभी की मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक, दुर्घटना में आठ लोग घायल हुए हैं। क्रिसिनो प्रांत के गवर्नर सिल्वेस्टर डाब्रोवस्की ने कहा कि घायलों में एक बच्चा भी शामिल है। क्रिसिनो वॉरसॉ के उत्तर पश्चिम में 45 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। दमकल कर्मियों और हवाई एंबुलेंस ने घायलों को नोवी ड्वोर माजोविकी क्षेत्र के अस्पतालों में पहुंचाया। स्थानीय दमकल कर्मियों के प्रवक्ता कतारजीना अर्बनोवस्का ने बताया कि बचावकर्मी हैंगर में अब भी अन्य घायलों की तलाश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पुलिस दुर्घटना के कारणों की जांच कर रही है।

## तूफानी मौसम बना दुर्घटना का कारण



### इमरान और बुशरा का निकाह कानून के खिलाफ?

# कोर्ट ने भेजा समन, 20 को पेशी

**एजेंसी** | इस्लामाबाद

पाकिस्तान के पूर्व पीएम इमरान खान अब बुशरा बीबी से निकाह को लेकर भी मुश्किलों में घिरते जा रहे हैं। इस्लामाबाद के जिला और सत्र न्यायालय ने इनकी 'अवैध शादी' के मामले को कोर्ट में स्वीकार्य बताया है। दोनों को 20 जुलाई को तलब किया है।

सिविल जज ने मंगलवार को इस फैसले की घोषणा की। उन्होंने पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के अध्यक्ष और उनकी पत्नी को नोटिस जारी किया। इमरान और बुशरा की शादी के मामले में याचिकाकर्ता मुहम्मद हनीफ हैं। उन्होंने दावा किया कि बुशरा को उनके पूर्व पति ने नवंबर, 2017 में तलाक दिया था और उनकी 'इद्दत' समाप्त भी नहीं हुई थी कि उन्होंने जनवरी, 2018 में खान से शादी कर ली। यह शरिया और मुस्लिम मानदंडों के खिलाफ है। मालूम हो कि इद्दत तलाक, मृत्यु या पति से किसी अन्य कारण से अलगाव के बाद की 130 दिनों की अवधि है जिस दौरान महिला अविवाहित रहती है।



## शादी कराने वाले मौलवी का बयान अहम

पिछले हफ्ते इस्लामाबाद के अतिरिक्त जिला और सत्र न्यायाधीश मुहम्मद आजम खान ने इस मामले को सिविल जज के पास भेजा था। साथ ही उन्होंने शादी की वैधता को चुनौती देने वाली याचिका को आपत्तिजनक घोषित करते हुए एक अन्य सिविल अदालत के फैसले को खारिज कर दिया था। इमरान और बुशरा के बीच शादी कराने वाले मौलवी मुफ्ती मुहम्मद सईद हैं, जिनके बयान इस मामले में बेहद अहम हो चुके हैं।

## शादी करने पर PM बनने वाली भविष्यवाणी

मौलवी ने अदालत में कहा था कि इमरान खान ने सब कुछ जानने के बावजूद इद्दत के दौरान बुशरा बीबी से शादी की। उन्होंने खान के हवाले से कहा कि बुशरा का नवंबर, 2017 को तलाक हुआ था। ऐसी भविष्यवाणी हुई कि अगर पीटीआई अध्यक्ष ने बुशरा बीबी से शादी की तो वह पाकिस्तान के प्रधानमंत्री जरूर बनेंगे। सईद ने निचली अदालत में कहा कि उन्होंने पूर्व प्रथम महिला की बहन होने का दावा करने वाली महिला के आश्वासन पर बुशरा बीबी के साथ खान का निकाह कराया था। सईद ने कहा, 'पूर्व प्रधानमंत्री ने फरवरी, 2018 में मुझसे दोबारा संपर्क किया। उन्होंने मुझसे बुशरा बीबी से दोबारा निकाह कराने की अपील की क्योंकि पहली बार यह शरिया के खिलाफ था।'

### उत्तरी कोरिया के खिलाफ बड़े एक्शन की तैयारी!

# US ने दक्षिण कोरिया में भेजी परमाणु पनडुब्बी

**एजेंसी** | सियोल

अमेरिका ने चार दशक में पहली बार मंगलवार को दक्षिण कोरिया में एक परमाणु शक्ति संपन्न पनडुब्बी भेजी और उत्तर कोरिया को आगाह किया। अमेरिका और दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपतियों ने उत्तर कोरिया की ओर से बढ़ते परमाणु खतरे के जवाब में अप्रैल में अनेक समझौते किए थे। इसमें से एक दक्षिण कोरिया में अमेरिका की परमाणु बैलिस्टिक मिसाइलों को ले जा सकने वाली पनडुब्बियों की समय-समय पर आमद है। उन्होंने एक द्विपक्षीय परमाणु परामर्श समूह स्थापित करने और सैन्याभ्यास बढ़ाने पर भी सहमति जताई।

दक्षिण कोरिया के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि ओहायो-श्रेणी की पनडुब्बी 'यूएसएस केंचुकी' मंगलवार दोपहर में दक्षिण कोरिया के बुसान बंदरगाह पर पहुंची। उसने कहा कि यह 1980 के दशक के बाद से अमेरिका की किसी परमाणु क्षमता संपन्न पनडुब्बी की पहली दक्षिण कोरिया यात्रा है।

रक्षा मंत्री ली जोंग-सुप ने पनडुब्बी के आने को अमेरिका की प्रतिरोधक प्रतिबद्धता को लेकर उसका संकल्प बताया। उन्होंने कहा कि पनडुब्बियों का आना उत्तर कोरिया के खिलाफ सहयोगी देशों की क्षमता और रुख को दिखाता है। शीत युद्ध के दौरान 1970 के दशक के अंत में अमेरिकी परमाणु शक्ति संपन्न बैलिस्टिक मिसाइल पनडुब्बियों ने दक्षिण कोरिया के लगातार कई दौरे किए थे और फेडरेशन ऑफ अमेरिकन साइंटिस्ट्स के अनुसार कई बार एक महीने में दो से तीन बार ये दौरे होते थे।



## अमेरिकी नागरिक अंतर कोरियाई सीमा पार कर उत्तर कोरिया में घुसा

**सियोल।** एक अमेरिकी नागरिक दक्षिण कोरिया से कड़ी सुरक्षा वाली सीमा पार कर उत्तर कोरिया चला गया। क्षेत्र की निगरानी कर रही संयुक्त राष्ट्र कमान ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अमेरिका इस कमान का नेतृत्व करता है। संयुक्त राष्ट्र कमान ने मंगलवार को ट्वीट किया कि अमेरिकी नागरिक एक कोरियाई सीमावर्ती गांव पनमुनजोम के दौरे पर था और बिना किसी इजाजत के वह उत्तर कोरिया की सीमा में चला गया। उसने कहा कि वह इस समय उत्तर कोरिया की हिरासत में है और संयुक्त राष्ट्र कमान इस घटना को सुलझाने के लिए अपने उत्तर कोरियाई समकक्षों के साथ काम कर रही है। उसने इस मामले में और विवरण नहीं दिया कि सीमा पार करने वाला व्यक्ति कौन था और उसने सीमा क्यों पार की। अमेरिकियों या दक्षिण कोरियाई लोगों के उत्तर कोरिया जाने के मामले दुर्लभ हैं, हालांकि 1950-53 के कोरियाई युद्ध की समाप्ति के बाद से 30,000 से अधिक उत्तर कोरियाई लोग राजनीतिक उत्पीड़न और आर्थिक कठिनाइयों से बचने के लिए दक्षिण कोरिया आए हैं।

## द्विपक्षीय परामर्श समूह ने सियोल में मुलाकात की

इसी बीच दक्षिण कोरिया और अमेरिका के एक द्विपक्षीय परामर्श समूह ने मंगलवार को सियोल में मुलाकात की और उत्तर कोरिया के उभरते परमाणु खतरों के खिलाफ अपने देशों की निरोधक क्षमताओं को मजबूत करने पर चर्चा की। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन और दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति यून सुक यिओल की अप्रैल में हुई मुलाकात के दौरान समझौतों के तहत परमाणु परामर्श समूह बनाया गया था। दक्षिण कोरियाई अधिकारियों ने कहा कि इस समूह का काम परमाणु और रणनीतिक हथियारों के परिचालन की योजना पर सूचना साझा करना और संयुक्त अभियान पर चर्चा करना है। अमेरिका अपने परमाणु हथियारों पर परिचालन नियंत्रण कायम रखेगा और उसके अधिकारियों का कहना है कि अप्रैल में समूह की स्थापना और अन्य कदमों का उद्देश्य उत्तर कोरिया की उकसावे वाली कार्रवाई को लेकर दक्षिण कोरिया की चिंताओं को दूर करना है।

### विभिन्न रेंज और जिलों में 400 पुलिसकर्मियों को किया तैनात

# पाक: हिंदू मंदिरों में उच्च सुरक्षा अलर्ट

**एजेंसी** | कराची

पाकिस्तान के सिंध प्रांत में इस सप्ताह डकैतों के गिरोह द्वारा एक हिंदू मंदिर पर रॉकेट से हमला करने के बाद अधिकारियों ने प्रांत के मंदिरों में उच्च सुरक्षा अलर्ट का आदेश दिया है।

मंदिरों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न रेंज और जिलों में 400 पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है। पुलिसकर्मी प्रशासनिक आधार पर सुरक्षा कर्तव्य निभाएंगे और मंदिरों में तैनात सभी कर्मियों को भी दो महीने के लिए सुरक्षा कर्तव्यों का काम सौंपा गया है। सिंध के पुलिस महानिरीक्षक गुलाम नबी मेमन ने हिंदुओं से मंदिरों में सुरक्षा कर्तव्यों के लिए तैनात कर्मियों के साथ हर संभव सहयोग सुनिश्चित करने का अनुरोध करते हुए कहा कि प्रांत में रहने वाले अल्पसंख्यकों और अन्य समुदायों की रक्षा करना पुलिस की जिम्मेदारी है। पुलिस ने मंदिर पर हमले को लेकर सोमवार को अज्ञात हमलावरों के खिलाफ मामला दर्ज किया। अज्ञात हमलावरों के खिलाफ एक मामला गौसपुर थाने में दर्ज किया गया। पुलिस अधिकारी ने कहा कि तलाश अभियान शुरू कर दिया गया है और दोषियों को पकड़ लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि गौसपुर शहर में एक सदी पुराना मंदिर है, जिसकी सुरक्षा पुलिस ने सुनिश्चित की है।




Sach Bedhadak | SachBedhadak | Sach Bedhadak | sach_bedhadak


### अनाज आपूर्ति समझौता रोकने के बाद रूस का एक्शन

# ओडेसा के बंदरगाह को बनाया निशाना

**एजेंसी** | कीव

यूक्रेनी सुरक्षा बलों ने मंगलवार को ओडेसा के बंदरगाह पर तड़के हुए रूसी हमले में विस्फोट करने वाले कई ड्रोन और छह क्रूज मिसाइल को नष्ट कर दिया। रूस द्वारा यूक्रेन को युद्ध के दौरान काला सागर के जरिए अनाज की आपूर्ति करने के समझौते को तोड़ने की घोषणा के एक दिन बाद यह घटनाक्रम हुआ है। यूक्रेनी सेना ने कहा है कि रूसी सेना ने ड्रोन हमले से यूक्रेन की हवाई सुरक्षा को कमजोर करने की कोशिश की और फिर छह कलिब्र क्रूज मिसाइल से ओडेसा को निशाना बनाया। ओडेसा और अन्य क्षेत्रों में हवाई सुरक्षा बलों ने सभी छह मिसाइल और 25 ड्रोन को गिरा दिया। उनके मलबे से बंदरगाह की कुछ सुविधाओं और आवासीय इमारतों को नुकसान पहुंचा।



## प्रतिबंध नहीं हटाने तक समझौता निलंबित

यूक्रेन के राष्ट्रपति कार्यालय के प्रमुख एंड्री यरमक ने कहा कि हमले से पता चलता है कि रूस दुनिया भर के लाखों लोगों के जीवन को खतरे में डालने के लिए तैयार है, जिन्हें यूक्रेनी अनाज निर्यात की जरूरत है। अफ्रीका, पश्चिम एशिया और एशिया में भुखमरी का खतरा बढ़ रहा है और ऊंची खाद्य कीमतों ने और लोगों को गरीबी के कुचक्र में धकेल दिया है। यरमक ने कहा कि दुनिया को यह समझना चाहिए कि रूस का लक्ष्य भुखमरी और लोगों को मारना है। वे शरणार्थियों की बाढ़ देखना चाहते हैं। वे इससे पश्चिम को कमजोर करना चाहते हैं। रूस का कहना है कि जब तक दुनिया में रूसी खाद्य और उर्वरक के निर्यात पर प्रतिबंध हटाने की मास्को की मांग पूरी नहीं हो जाती, तब तक समझौता निलंबित रहेगा।

## यूक्रेनी हमले को किया नाकाम

रूसी रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को कहा कि उसके सुरक्षा बलों ने 28 ड्रोन का इस्तेमाल करके क्रीमिया पर यूक्रेनी हमले को नाकाम कर दिया। मंत्रालय ने कहा कि हमलावर ड्रोन में से 17 को हवाई सुरक्षा द्वारा मार गिराया गया और 11 अन्य को इलेक्ट्रॉनिक युद्ध उपकरणों द्वारा जाम कर दिया गया। रूस ने कहा कि घटना में कोई क्षति या हताहत नहीं हुआ। एक दिन पहले, रूस ने क्रीमिया के एक पुल पर हमले के लिए यूक्रेन को दोषी ठहराया था। यह पुल क्रीमिया को रूस के मुख्य भूभाग से जोड़ता है और युद्ध में रूसी सुरक्षा बलों के लिए साजो-सामान भेजने का एक प्रमुख मार्ग है।


सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** मनोज माथुर*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क

"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl